

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाली इंसान हूं

'नादिया' ने मुश्किल चीजों के साथ सहज होना सिखाया

वर्ष : 12 अंक : 238 लखनऊ, 22 अगस्त, शनिवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बिहार में जाली नोटों के रैकेट का खुलासा



**मोतिहारी।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी पर नकेल कसते हुए 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बलऔर बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने 88,000 मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। कार्रवाई में पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।यह सफलता 71वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में हासिल हुई।

### दिल्ली में 9वीं की त्रिभाषा का नियम वापस



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कक्षा 9 के छात्रों को राहत मिली है। शिक्षा निदेशालय ने त्रिभाषा को लेकर लागू किए गए उस प्रावधान को वापस ले लिया है, जिसके तहत नौवीं में त्रिभाषा में क्वालीफाई नहीं करने वाले छात्रों के लिए दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की राह मुश्किल हो सकती थी। अब क्वालीफाई न होने के आधार नहीं रोका जाएगा।

### अभिनेत्री जानकी का 94 साल में निधन



**चेन्नई।** तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा में काम कर चुकीं दिग्गज अभिनेत्री सौकार जानकी को लेकर बुरी खब है। उनका निधन हो गया है। वो 94 साल की थीं और आईसीयू में बीते दिन ही एडमिट कराया गया था। वे उम्र से संबंधित बीमारी से जूझ रही थीं। नादिगर संगम के प्रेसिडेंट नासर ने उनकी मौत की इस खबर की पुष्टि की है।

### कांवड़ियों की ट्रॉली को मारी टक्कर,2 की मौत



**शाहजहांपुर।** यहां के जैतीपुर थाना क्षेत्र के बमिहाना गांव से कांवड़ लेने गए 15 कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्राली में शुक्रवार सुबह नवादा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक से पीछे से टक्कर लग गई। 2कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। बमिहाना गांव से 15 कांवड़ियों का जत्था ट्रैक्टर-ट्रॉली से डांडी घाट जा रहा था।

### मैकडोनाल्ड्स, रेडियो क्लब के लाइसेंस निलंबित



**मुंबई।** महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मुंबई के प्रसिद्ध बॉम्बे प्रेसिडेंसी रेडियो क्लब और कोलाबा स्थित मैकडोनाल्ड्स आउटलेट का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। राज्य में कुल 13 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों के उल्लंघन के कारण हुई है। एफडीए के रुख से पूरे राज्य में हड़कंप मचा है।

## 'वंदे मातरम' विवाद को लेकर कांग्रेस पर भाजपा का चौतरफा हमला

# जनता 'राष्ट्रीय गीत' के अपमान पर जवाब मांग रही, तिरंगे वाले केक पर भी कहा-स्पष्टीकरण दें

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने प्रदर्शन के समय को लेकर भी कांग्रेस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस समय देशभर में 'वंदे मातरम' के मुद्दे को लेकर आलोचना का सामना कर रही है।

नड्डा ने आरोप लगाया कि जनता कांग्रेस से राष्ट्रीय गीत के कथित अपमान को लेकर जवाब मांग रही है। उन्होंने एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा तिरंगे की शक्ल वाले केक को काटे जाने का भी जिक्र किया।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर हो रही आलोचना से बचाने और कथित रूप से हुई राजनीतिक किरकिरी से ध्यान हटाने के लिए राहुल गांधी ने यह नया प्रदर्शन शुरू किया है। उन्होंने दावा किया कि यह पूरा घटनाक्रम कांग्रेस के सामने खड़े विवाद से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। ये सभी आरोप जेपी नड्डा की ओर से लगाए गए हैं। इसके साथ ही कई केंद्रीय मंत्रियों और पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस पर सवाल खड़े किए हैं।

जनता का ध्यान न भटकाएं, स्पष्टीकरण दें

## केंद्रीय मंत्रियों और पदाधिकारियों ने किया हमला

### सुप्रीम कोर्ट कर रहा सुनवाई तो प्रदर्शन क्यों?



नई दिल्ली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नई दिल्ली में धरना

राहुल के धरने और उस पर नड्डा की प्रतिक्रिया ने भाजपा और कांग्रेस के बीच टकराव को और तेज कर दिया है। राहुल प्रदर्शन के जरिए मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भाजपा इसे राजनीतिक प्रदर्शन और मीडिया का ध्यान खींचने की कवायद बता रही है। नड्डा ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित 5 सदस्यीय समिति को भी याद दिलाया।

### रविशंकर बोले अराजकता की पार्टी बनी कांग्रेस



भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी नियम और कानून का कोई सम्मान नहीं करते और कहीं धरने पर बैठ जाते हैं। वंदे मातरम में कांग्रेस बुरी तरह फंस गई है कांग्रेस अराजक पार्टी बन गई है।

## देशभक्ति पर उठ रहा सवाल, इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण

### राजनाथ का कांग्रेस पर हमला



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस द्वारा वंदे मातरम के सम्मान से औपचारिक रूप से इंकार करने और इसके विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण तथा संवैधानिक दृष्टि से गंभीर विषय बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान करने से इनकार करने पर देशभक्ति पर सवाल उठता है।

### राष्ट्रगीत के सम्मान को देशभक्ति से जोड़ा

राजनाथ ने कहा कि यदि कोई राष्ट्रगीत का सम्मान करने से मना करता है तो उसकी देशभक्ति पर भी सवालिया निशान लग जाता है। उन्होंने कांग्रेस के वंदे मातरम को लेकर लिए गए निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई।इसे संवैधानिक दृष्टि से गंभीर बताया।

### कट्टरपंथी तत्वों के आगे समझौता घातक

रक्षा मंत्री ने कहा कि कट्टरपंथी तत्वों के आगे समझौता करना हमेशा देश के लिए घातक साबित हुआ है।

### गिरिराज का राहुल पर हमला

### राहुल कानून हाथ में लेकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने डीसीपी कार्यालय के बाहर राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल कानून को अपने हाथ में लेकर अराजकता फैलाना चाहते हैं। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट ने उच्चस्तरीय समिति गठित की है और क्राइम ब्रांच भी मामले की जांच कर रही है। राहुल इस प्रदर्शन के जरिए लोगों का ध्यान वंदे मातरम के मुद्दे से भटकाना चाहते हैं।

### ईरानी ने कहा

### जांच तो पूरी होने देते, वे देश का अपमान कर रहे



भाजपा पदाधिकारी स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन पर कहा कि मैं साफ कर दूं कि पैलेट गन मामले में जांच अभी जारी है, हमें किसी भी तरह के निष्कर्ष पर नहीं निकलना चाहिए। अभी जांच को पारदर्शी तरीके से पूरा होने देना चाहिए। मुझे समझ नहीं आ रहा वर्दी में बैठे अधिकारी पर राहुल को भरोसा क्यों नहीं है वे सिर्फ सेना को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। वे सेना के काम पर शक करते हैं।

## गृहमंत्री शाह का ममता पर हमला

# सिंडिकेट को बचाने आपराधिक कानूनों को यहां नहीं किया लागू




अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने संसद से पारित नए आपराधिक कानूनों को इसलिए अधिसूचित नहीं किया, क्योंकि वह सिंडिकेट, कट-मनी और वसूली के राज को बचाना चाहती थीं। सिलीगुड़ी के कावाखाली मैदान में शुक्रवार को तीन नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा कि अब सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इन कानूनों को लागू किया है। उन्होंने दावा किया कि इन कानूनों ने राज्य में भय के माहौल को भरोसे में बदलने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया है।'ममता ने नए कानूनों को अधिसूचित नहीं किया'

### वसूली के लिए ये खतरा होते

शाह ने कहा कि जब पूरा देश नए आपराधिक कानूनों को लागू करना शुरू कर चुका था, तब ममता ने इन्हें अधिसूचित नहीं किया। उन्हें पता था कि ये कानून उनके सिंडिकेट, कट-मनी और वसूली के राज के लिए मौत की घंटी साबित होंगे। भाजपा सरकार ने राज्य में कानून का शासन स्थापित किया है। नए आपराधिक कानूनों से न्याय देने की प्रक्रिया तेज होगी।

### घुसपैठियों को निकालेंगे बाहर

सीमा पार से घुसपैठ के मुद्दे पर शाह ने कहा कि मैं इस राज्य में एक-एक घुसपैठिये का पता लगाने और 'डिटेक्ट-डिलीट-डिपोर्ट' तंत्र के जरिए उन्हें देश से बाहर निकालने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराता हूं।

### 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए कानून

3 नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई 2024 से लागू हुए। इन कानूनों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है।

## सिख संगठनों का आह्वान

# सभी सिख कैदियों की रिहाई को लेकर पंजाब बंद, स्कूल रहे बंद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



सिख कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर कई सिख धार्मिक और राजनीतिक संगठनों ने शुक्रवार को पंजाब में राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। बंद दोपहर 2 बजे तक रहा। संगठन उन सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जो सजा पूरी कर चुके हैं। पूरे राज्य में भारी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, शिरोमणि अकाली दल , वारिस पंजाब दे और अन्य संगठनों के समर्थन के बावजूद सुबह के समय शटडाउन का असर आंशिक ही रहा। यह शटडाउन का आह्वान 15 अगस्त को मोहाली बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन के इस्तेमाल के बाद किया गया है। 'कौमी इंसाफ मोर्चा' के मार्च का मकसद जगतार सिंह हवारा के लिए पैरोल भी है।

## भाजपा की नई टीम की पहली बैठक आज

# 2027 की चुनावी 'रणनीति' पर होगी चर्चा, पकड़ मजबूत करेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम का ऐलान हो चुका है। नई टीम की पहली बैठक शनिवारन को दिल्ली में होने जा रही है। 22 अगस्त को नई टीम के साथ नितिन नवीन परिचय बैठक करेंगे। अगले साल 2027 में होने वाले चुनाव को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हो सकती है। बैठक में नए लोगों को बताया जाएगा कि पार्टी कार्यकर्ता और आम लोगों के बीच किस तरह संवाद स्थापित करना है। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं को कैसे घर-घर तक पहुंचाना है और सोशल मीडिया पर किस प्रकार पार्टी की बातों को लोगों तक पहुंचाना है, इसको लेकर भी बैठक में बात हो सकती है! पार्टी महिलाओं और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर, सोशल मीडिया और जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

## थाना कोतवाली वृंदावन क्षेत्र में हुआ यह हादसा

# निर्माणाधीन मॉल की सेंटरिंग गिरी 3 मजदूरों की मौत और 1 गंभीर जख्मी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। थाना कोतवाली वृंदावन क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मॉल की सेटरिंग अचानक भरभराकर गिर गई। इसमें निर्माण कार्य में लगे 3 मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 1 गंभीर रूप से घायल है। पुलिस, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। मृतक नेपाल और पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### दिल्ली में भी हादसा

### करोल बाग में पुरानी इमारत की दीवार गिरी, कई घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग इलाके में एक पुरानी इमारत की दीवार गिरने से कई लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मंडल अधिकारी गोपाल मीना ने बताया कि प्यारेलाल रोड पर ज्वेलर्स के पास यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। टीम ने बताया कि 2-3 लोगों को पहले ही बचाकर जीवनमाला अस्पताल भेजा गया। इमारत में ध्वस्तीकरण का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत पुरानी और जर्जर हालत वाली इमारत थी।

## जेपीएससी परीक्षा विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# परीक्षा रद्द कर दोबारा कराएं, सीबीआई जांच भी कराएं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,


झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या स्वतंत्र जांच का मामला अब देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंच गया है। इससे जुड़ी जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुप्रीम कोर्ट 24 अगस्त, सोमवार को सुनवाई करेगा। सामाजिक कार्यकर्ता हरिश्रन देवगन द्वारा अधिवक्ता सत्यम सिंह राजपूत के माध्यम से दायर याचिका में परीक्षा रद्द करने और नई परीक्षा के आयोजन की मांग की गई है।

## जनहित याचिका पर 24 अगस्त को होगी सुनवाई

### ओएमआर उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल

एक सफल उम्मीदवार की ओएमआर उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल हो गई, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर आरोप लगे। इन अनियमितताओं के कारण रांची में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे।

### सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति करे जांच



याचिका में झारखंड के बाहर के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र समिति के गठन की मांग है। प्रस्तावित समिति में फोरेंसिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, परीक्षा सुरक्षा, ओएमआर मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा और लोक प्रशासन के विशेषज्ञ शामिल हों। सभी सबूत सुरक्षित रखें जाएं।

### भौतिक व इलेक्ट्रॉनिक परीक्षा दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएं

याचिका में जेपीएससी, सरकारी अधिकारियों औरप्रक्रिया में शामिल सभी एजेंसियों, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं और परीक्षा केंद्र कर्मियों को सभी परीक्षा दस्तावेज सुरक्षित रखे जाने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।




### 1,932 अभ्यर्थियों की नौकरी पर छाया संकट टला

झारखंड में परीक्षा से जुड़े विवाद के बीच हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी है। इससे 1932 लोगों का संकट टला है।

## अदालत ने दोषपूर्ण बताया

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर एक्ट को गलत कहा, परिभाषित करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एंड एंटी सोशल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट, 1986 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून जन्म से ही दोषपूर्ण है, क्योंकि इसमें किसी नए अपराध को परिभाषित किए बिना सजा का प्रावधान कर दिया गया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि कानून में केवल गैंग और गैंगस्टर की परिभाषा दी गई है, जबकि जिन गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया है, वे पहले से ही आईपीली और अन्य आपराधिक कानूनों के तहत दंडनीय हैं।। किसी अलग अपराध का सृजन किए बिना सीधे सजा का प्रावधान करना कानून की गंभीर खामी है। अदालत ने अपनी टिप्पणी में मशहूर लेखक जॉर्ज ऑरवेल का भी हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि यह कानून कई मामलों में निर्दोष और अनजान नागरिकों के खिलाफ हिंसा और दमन को बढ़ावा देता नजर आता है।

## ट्रक ने पीछे से कार में मारी टक्कर, दंपती घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सवार दंपती घायल हो गए, जबकि उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बंथरा थाना क्षेत्र के धावापुर स्थित ड्रीम ग्रीन सिटी निवासी आर्मी से रिटायर्ड सुनील दुबे के मुताबिक वह 20 अगस्त की सुबह अपनी पत्नी के साथ कार से पीजीआई अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान सरोजनीनगर में कानपुर रोड पर बदालीखेड़ा चौकी के पास नादरगंज पुल पर पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार संख्या में टक्कर मार दी। हादसे में सुनील दुबे और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। इस मामले में पीड़ित सुनील दुबे ने सरोजनीनगर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने ताराशक्ति केंद्र की महिलाओं को भेंट किया रक्षाबंधन का तोहफा

### देवलोक कॉलोनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में सदस्य सुधा काला और ज्योति भागवानी मिश्रा ने महिलाओं को भेंट किए उपहार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित ताराशक्ति केंद्र, देवलोक कॉलोनी की सदस्यों के लिए शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को रक्षाबंधन का उपहार भेंट कर उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। ताराशक्ति केंद्र पहुंची डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम की सदस्य सुधा काला और ज्योति भागवानी मिश्रा ने प्रशिक्षण केंद्र की महिलाओं से मुलाकात कर उपहार वितरित किए। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उपहार पाकर महिलाओं ने खुशी जताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि ताराशक्ति केंद्र के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण और आत्मनिर्भर बनने के अवसर मिल रहे हैं। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर इस तरह का आयोजन उनके लिए विशेष खुशी का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आपस में रक्षाबंधन पर्व की खुशियां साझा कीं। आयोजकों ने कहा कि ताराशक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है। केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर सुधा काला ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व है। ताराशक्ति केंद्र की बहनों के साथ यह खुशी साझा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। डॉ. राजेश्वर सिंह का प्रयास है कि महिलाएं हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बनें और सम्मान के साथ आगे बढ़ें। उपहार के माध्यम से उनके प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया गया है। जबकि ज्योति भागवानी मिश्रा ने कहा कि ताराशक्ति केंद्र महिलाओं को प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता का अवसर देने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर केंद्र की बहनों से मिलकर बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह का प्रयास है कि महिलाएं अपने हुनर को पहचानें, आगे बढ़ें और परिवार के साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दें। इस मौके पर केन्द्र संचालिका गीता व राज किशोर पासी ने विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पीडीए की एकजुटता पर सपा का जोर

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। गोसाईंगंज ब्लॉक के शेखनपुर गांव में गुरुवार को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की ओर से ढळअ चौपाल का आयोजन किया गया इसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत करने का आह्वान किया। डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग को निराश किया महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा उन्होंने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज (ढळअ) की एकजुटता से वर्ष 2027 में प्रदेश में बदलाव होगा। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि भाजपा ने युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और वर्ष 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जुटने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने की, जबकि संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने किया। आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार यादव की ओर से किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवकली प्रसाद रावत समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरों ने बन्द घर को अपना निशाना बनाकर गहने और नकदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने एक बन्द घर को अपना निशाना बनाकर अंदर रखे लाखों रुपये कीमत के गहने और नकदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पूरब स्थित जंगली खेड़ा निवासी मो. एजाज पुत्र स्व. मो. वसीर के मुताबिक 9 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर में ताला बंद कर परिवार के साथ घर से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो घर का दरवाजा खुला मिला। पीड़ित का कहना है कि अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा मिला। जबकि घर में रखे कीमती गहने व नकदी गायब थी। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने के साथ बाइक तोड़ने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हिंद नगर निवासी शुभम सोनी ने यहीं के बेहसा में रहने वाले शिवा, सुमित और एक अन्य अज्ञात पर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने के साथ बाइक तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुभम सोनी का कहना है कि वह गुरुवार रात अपने दोस्त आशीष चौधरी के घर बेहसा गया था। तभी रात करीब 8:30 बजे बेहसा निवासी शिवा और सुमित अज्ञात युवकों के साथ वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने शुभम, आशीष चौधरी और उत्कर्ष गौतम के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में शुभम और उत्कर्ष के सिर व शरीर में चोटें आईं। आरोप है कि आरोपियों ने शुभम के मित्र समीर खान से भी मारपीट कर उसकी स्प्लेंडर बाइक क्षतिग्रस्त कर दी।

## मामूली विवाद को लेकर तीन लोगों ने एक युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर गुरुवार को तीन लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। इस मामले में बिजनौर के पटवारी मोहल्ला निवासी बिलाल ने एक युवक और उसके भाई सुहैल व उसके साथी जैद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलाल पुत्र गुड्डू का कहना है कि 20 अगस्त को वह अपने घर के पास बैठा था। इसी दौरान एक युवक के वहां बैठने पर उसने उसे मना किया, जिस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद उसने फोन कर अपने भाई सुहैल और साथी जैद को मौके पर बुला लिया। बाद में तीनों ने मिलकर बिलाल के साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# राजगीर मिस्त्री की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अमौसी में राजगीर मिस्त्री आशीष द्विवेदी की मौत के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को उन्हें जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बाराबंकी के रामसनेहीघाट थानानतर्गत टेमा गांव निवासी आशीष द्विवेदी (30) अपने भाई मनीष कुमार द्विवेदी और चाचा प्रमोद व विनोद के साथ सरोजनीनगर के अमौसी गांव में मनोज सिंह के मकान में किराए पर रहकर राजगीर मिस्त्री का काम करता था। आशीष के परिजनों के मुताबिक बुधवार शाम आशीष के ऊपर छेनी और हथौड़ी आदि बेचने का आरोप लगाकर मूल रूप से फतेहपुर जिले के किसनी व वर्तमान में अमौसी निवासी उसके साथी राजगीर मिस्त्री फूलचंद (42) और अमौसी निवासी प्लंबर कल्लू उर्फ श्याम लाल रावत (47) ने आशीष की लात घूसों व लकड़ी के



फंटे से पिटाई कर दी थी और गंभीर हाल में छोड़कर चले गए थे। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसके चाचा उसे रात में अमौसी स्थित किराए वाले घर ले आए। लेकिन गुरुवार सुबह आशीष की मौत हो गई। इस मामले में आशीष के छोटे भाई मनीष ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि 19 अगस्त को उसके भाई आशीष के साथ अमौसी निवासी श्याम लाल रावत उर्फ कल्लू और फूलचंद्र ने लोहे का सामान गायब होने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। इसके बाद आशीष की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को फूलचंद्र श्रीवास्तव और कल्लू उर्फ श्याम लाल रावत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आशीष के साथ राजमिस्त्री का काम करते थे और तीनों के बीच पहले से परिचय था। पूछताछ में उन्होंने बताया कि निर्माण सामग्री गायब होने को लेकर विवाद के दौरान कहासुनी बढ़ने पर उन्होंने आशीष से मारपीट की थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर दो लकड़ी के फंटे और मृतक की चप्पल बरामद कर शुक्रवार को दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर लटका मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में उसके कमरे के अंदर लटका मिला। उसके घर से दुर्गंध उठने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अंदर युवक पंखे के हुक से मृत अवस्था में रस्सी के सहारे लटका मिला। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा गांव निवासी संदीप साहू उर्फ.सोनू (30) अपनी पत्नी जयश्री और तीन वर्षीय बेटी के साथ रहकर पुताई का काम करता था। जयश्री अपनी बेटी को लेकर करीब 12 दिन पहले अपने मायके हरदोई चली गई थी और घर पर संदीप अकेले रह रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उसके घर से तेज दुर्गंध उठने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना संदीप के घर के बगल में रहने वाले उसके बड़े भाई सुंदर साहू को दी। जिसके बाद सुंदर साहू ने छत से संदीप के घर में झांक कर देखा तो सामने खिड़की से वह बंद कमरे के अंदर रस्सी के सहारे मृत लटका नजर आया। इसके बाद सुंदर साहू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही घटना का सही कारण पता चल सकेगा। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि संदीप बुधवार को दिखाई पड़ा था, जिसके बाद से वह नहीं नजर आया। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बुधवार रात ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी।

# संदिग्ध हालत में महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला की शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के आजाद नगर - चिल्लावां निवासी रीना वर्मा (35) के पति अमित की करीब 4 वर्ष पहले बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद से रीना अपने 13 वर्षीय बेटे सिद्धार्थ के साथ घर के एक कमरे में रहती थी। जबकि घर के अन्दर उसके जेठ विनोद कुमार, विपिन कुमार, प्रदीप कुमार और देवर आशीष व जितेंद्र भी अपने अपने परिवार सहित अलग-अलग कमरों में रहते हैं। परिजनों का कहना है कि अमित की मौत के बाद अकेलेपन के चलते रीना नशे की आदी हो गई थी। गुरुवार रात रीना कहीं से घर पहुंची और अपने कमरे के बाहर बैठ गई। कुछ देर बाद अपने कमरे में जाकर सो गई। लेकिन शुक्रवार सुबह उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद उसके बेटे ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। तब परिजन उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन सुबह करीब 9 बजे अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में चिकित्सकों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में उसके अधिक शराब पीने की बात पता चली है। वह कुछ दिनों से बीमार भी चल रही थी और उसका इलाज चल रहा था। लेकिन उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गई है और उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पान मसाला और तंबाकू के अवैध उत्पादन नेटवर्क का भंडाफोड़

### 27 अघोषित पाउच-पैकिंग मशीनें जब्त की गईं, करीब 185 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता चला

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की लखनऊ क्षेत्रीय इकाई ने उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और बांदा जिलों में छह परिसरों में फैले पान मसाला, सुगंधित जर्दा और गुटखा के अवैध उत्पादन से जुडे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इकाई द्वारा प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने 18 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि के आसपास इन परिसरों में समन्वित तलाशी अभियान शुरू किया। ये परिसर दो फर्मों से जुड़े हुए हैं—इनमें से एक पान मसाला और संबद्ध उत्पादों के उत्पादन तथा दूसरी व्यापारिक गतिविधियों में संलग्न है।

तलाशी के दौरान 27 अघोषित पाउच-पैकिंग मशीनों का पता चला, जिनमें सुगंधित जर्दा के लिए 6, पान मसाला के लिए 9 तथा दोहरा/देसी गुटखा के लिए 12 मशीनें शामिल हैं।



इसके अलावा, मिश्रण, सुपारी की क्रशिंग और सुखाने वाली मशीनें भी मिलीं। कार्रवाई के दौरान पान मसाला, चबाने वाला तंबाकू, सुगंधित जर्दा और सुगंधित सुपारी के तैयार माल के 15,50,922 पाउच जब्त किए गए। जब्त किए गए कच्चे माल और पैक की गई सामग्री में 32.9 मीट्रिक टन सुपारी एवं कटी हुई सुपारी, 2.8 मीट्रिक टन तंबाकू, 8.4 मीट्रिक टन पैकिंग सामग्री, पाउच एवं लैमिनेट्स, 470 किलोग्राम कत्था पाउडर, 850 किलोग्राम ग्लिसरीन, 545 किलोग्राम एसेंस तथा 256 किलोग्राम बिना पैक किया हुआ पान मसाला शामिल है। अब तक लगभग 185 करोड़ रुपये की जीएसटी, एचएसएनएस उपकर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क की चोरी का पता चला है। साक्ष्यों से पता चलता है कि यह पूरा कारोबार अपंजीकृत परिसरों के एक नेटवर्क के माध्यम से संचालित किया जा रहा था, जहां अघोषित मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा था। तैयार माल को लागू जीएसटी, एचएसएनएस उपकर और केंद्रीय उत्पाद शुल्क का भुगतान किए बिना गुप्त रूप से बाजार में निकाला जा रहा था। निर्माण फर्म के मालिक को अवैध रूप से उत्पादन एवं माल की निकासी की पूरी गतिविधि को संगठित और संचालित करने के लिए दोषी पाया गया। मालिक को 19 अगस्त को एचएसएनएस उपकर अधिनियम, 2025 की धारा 26 और केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 13 के तहत गिरफ्तार कर विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीमा शुल्क), लखनऊ के समक्ष पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की जांच जारी है और आगे और बरामदगी होने की संभावना है।

पान मसाला और तंबाकू क्षेत्र में 1 फरवरी 2026 से क्षमता-आधारित उपकर एवं कर व्यवस्था लागू है। स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025 के तहत पान मसाला पर क्षमता-आधारित मासिक उपकर लागू है, जिसकी गणना स्थापित पाउच-पैकिंग मशीनों की संख्या, प्रकार और क्षमता के आधार पर की जाती है। इसी प्रकार, केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 के तहत चबाने वाले तंबाकू, जर्दा और गुटखा पर भी क्षमता-आधारित केंद्रीय उत्पाद शुल्क लगाया जाता है।

# जापानी तकनीक से यूपी बनेगा ग्लोबल फूड प्रोसेसिंग हब

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की विशाल कृषि संपदा और जापान की अत्याधुनिक तकनीक के मेल से प्रदेश को वैश्विक फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट के सेक्टोरल कार्यक्रम फ्रॉम फॉर्म गेट टू ग्लोबल प्लेट में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जापानी निवेशकों से उत्तर प्रदेश में निवेश का आह्वान किया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश का नया दौर शुरू हुआ है। उत्तर प्रदेश का विशाल बाजार, कृषि संसाधन, युवा कार्यबल और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दुनिया की कोई ऐसी डाइनिंग टेबल न हो, जहां उत्तर प्रदेश का कोई कृषि या खाद्य उत्पाद मौजूद न हो। इसके लिए प्रदेश की कृषि शक्ति को जापानी तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में उपजाऊ भूमि, पर्याप्त जल संसाधन, मेहनती किसान और देश का सबसे बड़ा युवा कार्यबल उपलब्ध है। जापान की तकनीकी दक्षता के साथ इन संसाधनों का समन्वय प्रदेश के कृषि एवं खाद्य उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की करीब 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। सरकार का जोर केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने पर नहीं, बल्कि फूड प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने पर है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# यामानाशी व यूपी विधान सभा के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान पर समझौता

### यामानाशी प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा का भ्रमण किया, अध्यक्ष सतीश महाना से की शिष्टाचार भेंट

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जापान की यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली और भारत गणराज्य की उत्तर प्रदेश विधान सभा के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों विधान सभाओं के बीच पारस्परिक समझ, विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों पक्षों के बीच विधायी कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका तथा दोनों विधान सभाओं के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के विषय में विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जापान के यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के अध्यक्ष हिदेनोरी मियामोतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश विधान सभा का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल की विधान भवन की विभिन्न व्यवस्थाओं, सदन की कार्यवाही, विधायी प्रक्रियाओं तथा विधानसभा की कार्यशैली के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश विधान सभा में किए गए आधुनिकीकरण और डिजिटल तकनीक के उपयोग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।



इस अवसर पर यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के अध्यक्ष हिदेनोरी मियामोतो ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को जापान के यामानाशी आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि दोनों विधान सभाओं के बीच हुए मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान समझौते से आपसी संबंधों को और मजबूती मिलेगी तथा भविष्य में दोनों पक्षों के बीच विधायी अनुभवों और कार्यप्रणाली के आदान-प्रदान के नए अवसर विकसित होंगे। एमओयू के तहत दोनों विधान सभाएं पारस्परिक यात्राओं, सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देंगी। इसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच आपसी समझ को गहरा करना तथा विश्वास के संबंधों को मजबूत करना है। समझौते के अनुसार अर्थव्यवस्था, पर्यटन, कृषि, शिक्षा और मानव संसाधन विकास सहित पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। दोनों विधान सभाएं आदान-प्रदान कार्यक्रमों तथा सहयोगात्मक परियोजनाओं के विकास के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगी।

एमओयू में दोनों पक्षों ने पारस्परिक विकास और समृद्धि में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह समझौता ज्ञापन दोनों विधान सभाओं के मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान एवं सहयोग के इरादे की पुष्टि करता है और इससे कोई कानूनी रूप से बाध्यकारी दायित्व उत्पन्न नहीं होता। यह समझौता दोनों सरकारों के बीच 23 दिसंबर 2024 को संपन्न मूल समझौते की भावना के अनुरूप दोनों विधान सभाओं के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। एमओयू दोनों विधान सभाओं के अध्यक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की तिथि से प्रभावी होगा। यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष हिदेनोरी मियामोतो के साथ इक्को यामादा, फुमियो मिजुगिशी, मासाहितो उजुकी, नोरितोशी मुकायामा, रिकियो ईजिमा, मासानोबु इशिहारा, मासाहितो नाकामुरा, यूकी उसुई, मासाहितो किरिहारा, दाइकी वातानाबे, रिकिजो असाकावा, केनिची शिराकाबे और ओसामु ईजिमा शामिल रहे। यामानाशी प्रीफेक्चरल असेंबली के इस प्रतिनिधिमंडल की यात्रा से उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच विधायी स्तर पर संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाएं मजबूत होने की उम्मीद है।

# पासपोर्ट फजीवाड़े की जांच में खुलासा, दो आरोपियों पर एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अलग-अलग नाम, जन्मतिथि और माता-पिता के नाम का विवरण देकर दो पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। एसीपी मलिहाबाद की जांच में पासपोर्ट बनवाने में कथित तौर पर फजीवाड़े और धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार के मुताबिक, ससपन निवासी मोहित कुमार ने आठ फरवरी 2016 को पासपोर्ट बनवाया था। इसमें उसने पिता का नाम रामदीन, मां का नाम गंगा देई और जन्मतिथि एक जनवरी 1995 दर्ज कराई थी। आरोप है कि पहले पासपोर्ट की जानकारी छिपाकर उसने चार मार्च 2021 को दोबारा पासपोर्ट बनवा लिया। इस बार दस्तावेजों में पिता का नाम रामदीन ही रखा गया, जबकि मां का नाम सरला और जन्मतिथि छह जुलाई 1999 दर्ज कराई गई। इसी तरह कहला गांव निवासी मो. अशफाक ने 27 नवंबर 2014 को पासपोर्ट बनवाया था। इसके बाद उसने 10 दिसंबर 2022 को दूसरा पासपोर्ट जारी करा लिया। जांच के दौरान दोनों पासपोर्ट में अलग-अलग विवरण दर्ज होने की बात सामने आई। मामले की जांच एसीपी मलिहाबाद ने की, जिसमें दोनों आरोपियों द्वारा अलग-अलग विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाने की पुष्टि हुई। इसके बाद हल्का दरोगा रामसेवक राणा और इंद्रजीत सिंह की तहरीर पर रहीमाबाद थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब दस्तावेजों की जांच के साथ पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में शामिल अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने देखी वीमेन पावर लाइन 1090 की कार्यप्रणाली

**लखनऊ।** यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट 2026 के तहत जापानी प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की महिला सुरक्षा के लिए संचालित वीमेन पावर लाइन 1090 का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की शिकायतों के समाधान, काउंसलिंग, जागरूकता और सहायता उपलब्ध कराने की पूरी प्रक्रिया को समझा। दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश के अधिकारियों और जापानी प्रतिनिधिमंडल के बीच महिला सुरक्षा, स्कूली स्तर पर जागरूकता, बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों पर अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने 1090 की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। अधिकारियों ने कॉल रिसीव होने से लेकर महिला की समस्या समझने, काउंसलिंग और जरूरत के अनुसार संबंधित सहायता तंत्र से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि कई बार महिलाएं डर, तनाव या झिझक के कारण अपनी बात खुलकर नहीं रख पातीं। ऐसे मामलों में प्रशिक्षित कर्मी संवेदनशीलता के साथ उनकी बात सुनते हैं और उन्हें आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं। बैठक में महिला सुरक्षा को केवल शिकायत निवारण तक सीमित न रखते हुए प्रीवेंटिव अवेयरनेस पर भी चर्चा हुई।

## सम्पादकीय

# बढ़ती महंगाई बनी चुनौती दूरदर्शी नीतियों की दरकार

महंगाई अब नई चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में भारत के सामने चुनौती केवल खाद्य कीमतों को नियंत्रित रखने की नहीं, बल्कि उस पूरी श्रृंखला को सुरक्षित रखने की है जो खेत से थाली तक पहुंचती है। पश्चिम एशिया का तनाव, महंगी ऊर्जा, उर्वरक संकट और मौसम की अनिश्चितता अलग-अलग खतरे जरूर हैं, लेकिन इनके एक साथ आने पर इनका असर कहीं ज्यादा गंभीर हो सकता है। सरकार को संकट बढ़ने का इंतजार करने के बजाय अभी से उर्वरक भंडार, घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक आयात स्रोत और खाद्य भंडारण मजबूत करने जैसी नीतियां बनाकर आमजन को महंगाई की आग से बचाना होगा। वहीं, किसानों को भी जलवायु-अनुकूल और कम लागत वाली खेती की ओर बढ़ना होगा। आने वाले वर्षों में खाद्य महंगाई के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति, ऊर्जा संकट, उर्वरकों की उपलब्धता और मौसम में बदलाव जैसे कारक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेपी मॉर्गन की चेतावनी इसी व्यापक खतरे की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2027 की पहली छमाही में वैश्विक खाद्य कीमतों में करीब पांच प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है और खाद्य वस्तुओं की कीमतों का सीधा असर रसोई पर पड़ता है। इसलिए खाद्य महंगाई को केवल बाजार में मांग और आपूर्ति के नजरिये से देखना पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी चिंता उर्वरकों को लेकर है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव यदि लंबे समय तक बना रहता है तो गैस और उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर पड़ेगा और भारत की आयात लागत भी बढ़ सकती है। भारत में किसानों को सस्ती दर पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए पहले ही भारी सब्सिडी देती है। किसानों को महंगी खाद से बचाने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाती है तो राजकोषीय बोझ बढ़ेगा। दूसरी ओर सब्सिडी सीमित की जाती है तो किसानों की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। इसका असर फसल की कीमतों पर पड़ना तय है और अंततः इसका भार उपभोक्ता पर आ सकता है। मौसम का मोर्चा भी कम अहम नहीं है। 2026 के अंत या 2027 में मजबूत अल नीनो की संभावना को लेकर जताई जा रही आशंकाएं भारत के लिए विशेष महत्व रखती हैं। हालांकि 1997 में मजबूत अल नीनो के बावजूद भारत में सामान्य से अधिक बारिश हुई थी। इसलिए किसी एक मौसम संबंधी घटना को खाद्य संकट का निश्चित कारण मानना उचित नहीं होगा। फिर भी जलवायु परिवर्तन के दौर में सूखा, अत्यधिक बारिश, गर्मी और अनियमित मानसून के जोखिम बढ़े हैं। कृषि नीति को इन अनिश्चितताओं को ध्यान में रखकर तैयार करना होगा। खाद्य महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। अनाज, दाल, सब्जी और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमत बढ़ने पर परिवारों का बजट बिगड़ता है। इसलिए सरकार को केवल महंगाई के आंकड़े नियंत्रित करने के बजाय उन कारणों पर भी काम करना होगा जो कीमतों को ऊपर ले जाते हैं। जेपी मॉर्गन का अनुमान अंतिम सत्य नहीं है। वैश्विक बाजार और मौसम की परिस्थितियां बदल सकती हैं, लेकिन चेतावनी नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। भारत को खाद्य सुरक्षा को उर्वरक, ऊर्जा, जल और जलवायु सुरक्षा से जोड़कर व्यापक रणनीति तैयार करनी होगी। यही दूरदर्शिता किसान की लागत और आम आदमी की थाली, दोनों को भविष्य की वैश्विक उथल-पुथल से बचाने का सबसे मजबूत रास्ता होगी।



मुद्दा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> माना जा रहा है कि सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इसके तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है।

# सुरक्षा, मजबूती और विकास की नई परीक्षा

हाल ही में 14 अगस्त को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि पर भारत को 'रेड लाइन' और जंग की धमकी दी है। ऐसी धमकियां देना पाकिस्तान के नेताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। पाकिस्तान में यह भी माना जा रहा है कि गत 7 अगस्त को सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' भारत पर रक्षा दबाव बढ़ाएगा। इस समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस गठजोड़ में सुरक्षा सहयोग के बढ़ते आयाम भारत के लिए एक नई भू-राजनीतिक चुनौती उत्पन्न करते हैं, जिससे भविष्य की सुरक्षा स्थितियों में कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

ऐसे में सरकार के साथ पूरे देश के सामने सतर्कता के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ने की चुनौती निर्मित हुई है। साथ ही अब आर्थिक और सैन्य-परमाणु शक्ति- दोनों मोर्चों पर समान रूप से और मजबूत होना जरूरी है। तेज विकास और आर्थिक मजबूती से ही सशक्त सैन्य-परमाणु शक्ति बनने की राह प्रशस्त होती है और ऐसी मजबूती युद्ध के खतरे को भी कम करती है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ सैन्य व परमाणु हथियार मोर्चे पर भी लगातार आगे बढ़ रहा है। यदि हम भारत के विकास परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बीच भी भारत की विकास दर 7 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। दुनिया में भारत के प्रति आर्थिक विश्वास बढ़ रहा है, विदेशी निवेश में वृद्धि हो रही है, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 692 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंच गया है, भारत के मुक्त व्यापार समझौते ( एफटीए) बढ़ रहे हैं और भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दूसरी ओर, सैन्य और परमाणु शक्ति की राह पर भी भारत लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हथियारों पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने परमाणु निवारक तंत्र को लगातार आधुनिक बना रहा है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक भारत के पास परमाणु वॉरहेड्स की संख्या लगभग 190 तक पहुंच गई है। भारत की नीति में अब यह बदलाव भी देखा जा रहा है कि वह शांतिकाल में भी अपने कुछ परमाणु वॉरहेड्स को डिलीवरी सिस्टम (जैसे कैनिस्टराइज्ड मिसाइलें और परमाणु पनडुब्बियां) के साथ उपयोग के लिए तैयार रखने की दिशा में बढ़ा है। मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र में 'डिटरेंस गश्त' करने जैसे कदमों से संकेत मिलता है कि भारत अपनी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत कर रहा है। चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती को देखते हुए भारत की रक्षा तैयारी रणनीति के तहत यह एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बदलाव है। निश्चित रूप से एक ऐसे समय में जब भारत की सीमाएं बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर अधिक संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को न केवल दुनिया की आर्थिक शक्ति, वरन उन्नत तकनीक और परमाणु सामर्थ्य से सुसज्जित सैन्य शक्ति बनने की और अधिक आवश्यकता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान द्वारा चीन-निर्मित आधुनिक हथियारों और तकनीक की मदद से छद्म युद्ध व घुसपैठ को प्रश्रय दिया



जाता रहा है। चीन की ओर से भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) एवं विशेष रूप से काराकोरम दर्रे के पास चुनौतियां पैदा की जा रही हैं। तवांग के उत्तर- पूर्व और असफी-ला दर्रे के निकट स्थित तक्सिंग क्षेत्र में चीनी फ़ौजों (पीलए) की घुसपैठ की खबरें भी सामने आती रहती हैं। ऐसी किसी भी घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बल और सेना नाकाम करती रहती है। भारत, चीन के हर विस्तारवादी कदम का लगातार कड़ा और बहुआयामी जवाब दे रहा है। अतीत में भी जब भारत ने आतंकी ठिकानों के खिलाफ कठोर सैन्य कार्रवाई की है, तब चीन और उसके सहयोगी देशों का रणनीतिक तालमेल देखने को मिला है। अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से अपनी मिसाइल क्षमता और पारंपरिक हथियारों का विस्तार किया जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत किसी भी परमाणु खतरे या दोतरफा सामरिक चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। देश की रक्षा नीति स्पष्ट है कि भारत 'पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं' (नो फर्स्ट यूज) करेगा, लेकिन यदि शत्रु ने दुस्साहस किया, तो उसका करारा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। निःसंदेह, बीते वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अपनाई गई आर्थिक और रक्षा विकास की नई रणनीति के तहत देश को आर्थिक और सामरिक आधारों पर मजबूती मिली है। भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की कठोर नीति अपनाई है। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि भारतीय सेना ने आधुनिक और स्वदेशी हथियारों के बल पर दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया। आज भारत रक्षा क्षेत्र में एआई, ड्रोन तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का प्रभावी इस्तेमाल कर रहा है।

इन उपलब्धियों के बावजूद, इस समय भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि प्रतिस्पर्धी पड़ोसियों से टकराव की आशंका बनी रह सकती है। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ-साथ अपनी अर्थव्यवस्था को युद्ध स्थितियों के लिए तैयार रखने, मजबूत सैन्य शक्ति बनने व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में उभरने के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना अनिवार्य है। 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उस राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए देश का तेज आर्थिक विकास अनिवार्य है। आगामी वर्षों में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'जेन-जी' की ऊर्जा को आर्थिक विकास से जोड़ना होगा। साथ ही, अर्थव्यवस्था को रक्षा क्षेत्र में पूर्णतः 'आत्मनिर्भर' बनाना होगा, जिसका उद्देश्य विदेशी निर्भरता को समाप्त करना, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात को बढ़ाना है। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रक्षा इकाइयों को तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़कर सैन्य साजो-सामान को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना होगा। आज के समय में युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये आधुनिक चिप्स, मिसाइलों, स्वार्म ड्रोन, हाइपरसोनिक हथियारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और साइबर स्पेस में लड़े जाते हैं। उम्मीद करें कि सरकार कूटनीतिक रूप से सऊदी अरब और खाड़ी देशों के साथ अपने संबंध और मजबूत करेगी, ताकि मक्का समझौते की आड़ में पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कोई षड्यंत्र करने की अनुमति प्राप्त न हो सके। देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और अन्य विभिन्न क्षेत्रों के सभी लोग एकजुटता, परिश्रम व समर्पण से देश को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनाने के इस अभियान में अपना हरसंभव योगदान देंगे।

## बदइंतजामी

मनोज कुमार अग्रवाल



# आस्था का मोल जान देकर चुकाते श्रद्धालु!

देश भर के धार्मिक तीर्थ स्थलों, मंदिरों पर बदइंतजामी चरम पर है कमोबेश सभी जगह एक सी हालत है। कुप्रबन्ध का फायदा उठा कर व्यवस्था में लगे सेवादार सुविधा शुल्क लेकर अपनी जेब भरते हैं और चोर रास्ते से लाइन तोड़ कर दर्शन कराते हैं, जबकि आम श्रद्धालु घंटों भूख प्यास सहकर भी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करता है। अधिकांश बड़े मंदिरों पर तो बाकायदा पैसे देकर वीआईपी दर्शन की सुविधा को ही वैधता दे दी गई है। बहरहाल, इस सब बदइंतजामी के चलते अब आस्था का मोल श्रद्धालु अपनी जान देकर चुकाने को मजबूर हैं। श्रावण मास का तीसरा सोमवार 17 अगस्त श्रद्धालुओं के जीवन पर भारी पड़ गया। इस दिन विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्थलों पर हुई भगदड़ और हादसों में कुल 27 लोगों की मौत हो गई। बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में भगदड़ से 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि हताहतों की तादाद सैकड़ों की संख्या में है। यह हादसे पहली बार नहीं हैं, हिन्दू धर्म स्थलों पर कुप्रबन्ध, रखरखाव में गड़बड़ी, संकीर्ण गलियारे और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद, असंयमित व्यवहार के साथ ही अफवाहों की साजिशें हर पर्व-त्योहार, दर्शन, स्नान मेलों में हादसों की श्रृंखला बना रहे हैं। बता दें कि बिहार के अशोकधाम मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का खंभा गिरने और अफवाह फैलने से मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं की मौत और 19 से अधिक घायल हुए। वहीं मध्य-प्रदेश में उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित चार राज्यों में विभिन्न हादसों और भीड़ के दबाव के कारण कुल 27 लोगों की जान चली गई। अभी दो माह पहले ही महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में शनिवार को हुए दर्दनाक हादसऐ ने पूरे देश को झकझोर दिया। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। छह लोगों की मौत हो गई थी। आपको याद होगा कि महाकुंभ मेला, प्रयागराज जनवरी 2025 मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के अत्यधिक दबाव से अचानक बैरिकेड्स ढह गए। इस दर्दनाक हादसे में 30 से अधिक लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए।

इसी तरह तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश में जनवरी 2025 वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान वीआईपी और सामान्य दर्शन टिकट लेने के लिए हजारों श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हुई। इस भीड़ के अनियंत्रित होने से मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं हाथरस सत्संग, उत्तर प्रदेश 2 जुलाई 2024 को एक धार्मिक आयोजन में बरती गयी लापरवाही सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान ले गयी। यह हाल के वर्षों की सबसे भीषण घटनाओं में से एक है। क्षमता से तीन गुना अधिक यानी करीब 2.5 लाख लोग एक अस्थायी टेंट में जमा हो गए थे। बाबा के जाने के बाद धूल छूने की होड़ और अत्यधिक गर्मी व उमस के कारण मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। भारत आस्था और श्रद्धा का देश है। यहां प्रतिदिन लाखों लोग मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचते हैं। विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इन स्थानों की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक स्थलों पर भगदड़, दीवार गिरने, छत ढहने, करेंट उतरने और अन्य दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में महाराष्ट्र के सांगली जिले में भी मंदिर परिसर से जुड़ी एक दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई थी। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि समस्या किसी एक स्थान या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन की चुनौती है। अनेक धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन आधारभूत ढांचे का विस्तार और रखरखाव उसी गति से नहीं हो पा रहा। कई स्थानों पर अस्थायी शेड, मंडप और अन्य संरचनाएं बिना पर्याप्त तकनीकी परीक्षण के उपयोग में लाई जाती हैं।

# मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित

**दर्शन**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# शिवजी ने तोड़ा था अर्जुन का घमंड



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वंदे मातरम् पर विवाद

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत या चंद पद्य पंक्तियाँ मात्र नहीं हैं, बल्कि यह हमारे स्वाधीनता समर की अमर अग्नि, देश के कोटि-कोटि बलिदानियों का पावन मंत्र और भारत की सनातन चेतना का शाश्वत स्वर है। राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय गीत को राजनीतिक मतभेदों की परिधि से पूर्णतः परे रखा जाना ही एक स्वस्थ एवं परिपक्व लोकतंत्र की प्रथम शर्त है। दलगत राजनीति, विचारधाराओं का मतभेद और सरकारों की नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा हो सकता है, परंतु जब बात राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके अमूल्य प्रतीकों की आती है, तब संपूर्ण देश का एक स्वर में खड़ा होना ही हमारी अखंडता की वास्तविक पहचान है। आज 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर बढ़ते हुए हमें अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को उनका पूर्ण और सर्वांगीण गौरव व सम्मान सहर्ष प्रदान करना चाहिए। *-मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी*

## ट्रेंड

### क्रूरता की तारीफ



मोदी सरकार के मंत्री कह रहे है कि दिल्ली पुलिस की तारीफ होनी चाहिए। संसद से आधा किलोमीटर दूर, शांतिपूर्ण छात्रों पर पेलेट गन से गोलियां चलाई गईं, कीलों से जड़ी लाठियों का इस्तेमाल किया। क्या हमें इस क्रूरता की तारीफ करनी चाहिए?

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### आतंकवाद पर प्रहार



आतंकवाद के खिलाफ भारत का संदेश बिल्कुल साफ है, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, बल्कि आतंकवाद पर सीधा प्रहार। एक ही दिन में 14 राज्यों में 200 से ज्यादा आतंकवादी गुर्गों की गिरफ्तारी देश की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, क्षमता और बेहतर तालमेल का सबूत है।

**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### सोची-समझी साज़िश



हेमंत सोरेन ने कैबिनेट में जान-बूझकर छात्रों को धोखा देने की सोची-समझी साजिश के तहत परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। अब, गलत तरीके से चुने गए छात्र कोर्ट जाएंगे। नतीजन कोर्ट परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर रोक लगा सकता है।

**- बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

### बेहतरीन अहसास



किसी भी एक्टर की यही चाहत होती है कि वह दर्शकों से जुड़ पाए ताकि वे किरदार के सफर के हर पल को महसूस कर सकें.. जो कहा गया और उससे भी जरूरी, जो अनकहा रह गया है, यह सबसे बेहतरीन अहसास है !

**- कृति सेनन,** फिल्म अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# उत्तर टेक्सास में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मना

उत्तर टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीत और लेजर शो के साथ मनाया। इस अवसर पर फ्रिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत डी. सी. मंजूनाथ भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम शनिवार को फ्रिस्को स्थित कोमेरिका सेंटर में आयोजित 49वें वार्षिक आनंद बाजार के साथ हुआ। आनंद बाजार, इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ टेक्सास द्वारा आयोजित एक प्रमुख सांस्कृतिक और खान-पान उत्सव है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, महावाणिज्यदूत ने सभा को संबोधित किया



## ऑफ बीट

# मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी - जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है - एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है।



## संक्षेप

### युवक का शव तालाब से बरामद

**शौच जाते समय पैर फिसलने से तालाब में डूबा था, पुलिस कर रही जांच**

अमेठी ,जायस थाना क्षेत्र में युवक का शव तालाब से बरामद किया गया है। युवक मंगलवार शाम शौच के लिए जाते समय तालाब में फिसल गया था, जिसके बाद वह डूब गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूरे हकीम वार्ड नंबर दो निवासी मुकेश कुमार (32) पुत्र प्यारेलाल मंगलवार शाम करीब सात बजे घर से शौच के लिए निकले थे। ईशा के तालाब के पास उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे। ग्रामीणों को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और मुकेश की तलाश शुरू की। देर शाम तक पुलिस और ग्रामीणों ने तालाब में युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रात अधिक होने के कारण तलाश अभियान रोक दिया गया था। बुधवार सुबह एक बार फिर ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर तलाश शुरू की और काफी प्रयासों के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। जायस थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मुकेश कुमार (32) पुत्र प्यारेलाल, निवासी पूरे हकीम वार्ड नंबर दो के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### युवक ने ससुराल में गोमिया ड्रेन में लगाई छलांग

**24 घंटे बाद एसडीआरएफ और गोताखोरों ने शव बरामद किया**

अमेठी , नागपंचमी के दिन एक युवक ने गोमिया ड्रेन में छलांग लगा दी। सीताराम (35) का शव 24 घंटे की तलाश के बाद बुधवार दोपहर करीब एक बजे एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने बरामद किया। सीताराम अहमदाबाद से अपनी ससुराल खानापुर चपरा गांव आया था। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी सीताराम पुत्र राजाराम दो बच्चों का पिता था। ग्रामीणों के अनुसार, वह बीमारी से भी ग्रस्त था। मंगलवार को ससुराल में किसी मामूली बात को लेकर उसकी नाराजगी हुई थी ।नाराजगी के बाद युवक अचानक घर से निकला और दौड़ते हुए ससुराल के किनारे बह रही गोमिया ड्रेन में कूद गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की। ड्रेन में पानी अधिक होने के कारण शुरूआती प्रयासों में युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों को मौके पर बुलाया। लगातार तलाश अभियान के बाद बुधवार को युवक का शव बरामद कर लिया गया। मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। ग्रामीणों के साथ तलाश शुरू की गई, जिसके बाद एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद ली गई। लगातार अभियान चलाकर युवक का शव बरामद किया गया ।स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले एक माह में मोहनगंज थाना क्षेत्र के आसपास नहरों और नालों में छलांग लगाने की करीब आधा दर्जन घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# कृषि यन्त्रों के क्रय हेतु ई-लाटरी के माध्यम से चयनित किये गये कृषक

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2026-27 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित किया गया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि एसएमएएम योजनान्तर्गत 205 लक्ष्य के सापेक्ष 1320 किसानों ने विभिन्न प्रकार के कृषि यन्त्रों की बुकिंग के अन्तर्गत 205 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न कृषि यन्त्रों के लाभार्थियों का चयन किया गया। इसी प्रकार इन-सीटू योजनान्तर्गत 145 लक्ष्य के सापेक्ष 299 बुकिंग की गयी जिसके सापेक्ष 145 किसानों का चयन किया गया। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि जिन विकास खण्डों में लक्ष्य से अधिक किसानों ने बुकिंग की थी, उनका चयन आज ई-लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के माध्यम से किया गया ।विकास भवन सभागार बहराइच में आयोजित ई लॉटरी में विकास खण्ड कैसरगंज की श्रीमती चन्द्रावती सिंह, बलहा के राजाराम वर्मा, महसी के पन्ना लाल, मिहिंपुरवा के राज कुमार वर्मा, परमतन, नवाबगंज के रुप चन्द्र, हुजूरपुर की श्रीमती गुड्डा देवी कस्टम हायरिंग सेन्टर, बलहा के इन्द्रजीत एवं फखरपुर के भूपेन्द्र सिंह का चयन 30 लाख परियोजना के कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिये किया गया। इसी प्रकार हुजूरपुर के पांचू, जरवल के अरुण कुमार सिंह, महसी के अमरनाथ, मिहिंपुरवा की श्रीमती मीना देवी, नवाबगंज के संदीप कुमार तथा फखरपुर के सदगुरु प्रसाद वर्मा का चयन लेजरलैण्ड लेवलर, कैसरगंज के अवधेश कुमार का रीपर कम्पाइन्डर, नवाबगंज के राम नरेश का मल्टीक्राप थ्रेसर, नवाबगंज के श्रीमती रेनू देवी वर्मा का कम्बाइन हार्वेस्टर, फखरपुर की श्रीमती प्रीति शुक्ला एवं रिजवान अली का सुपर सीड़र, फखरपुर की श्रीमती सरिता शुक्ला कम्बाइन हार्वेस्टर, मिहिंपुरवा के श्रवण कुमार एवं चित्तौरा के राना चेतन सिंह का किसान ड्रोन, फखरपुर के संदीप कुमार सिंह का कस्टम हायरिंग सेन्टर, महसी के मंगल प्रसाद का रोटावेटर तथा मा० चौरी कोटिया एफपीओ का फार्म मशीनरी बैंक नवाबगंज का चयन किया गया है। इसी प्रकार चेफकटर, पावर वीडर, ट्रैक्टर माउण्टेन स्प्रेयर, रीपर कम्बाइन्डर, मिनी राइस मिल सहित अन्य कृषि यन्त्रों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। उप कृषि निदेशक बहराइच ने चयनित किसानों को अविलम्ब कृषि यन्त्रों का क्रय कर पोर्टल पर बिल अपलोड करने को कहा, जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने चयनित किसानो से कहा कि कृषि यंत्र क्रय से पूर्व मूल्य का 50 प्रतिशत धनराशि विक्रेता के खाते में स्वयं के बैंक खाते से ट्रान्सफर किया जाये तथा सत्यापन के समय विक्रेता के खाते में प्रेषित धनराशि का साक्ष्य संलग्न किया जाए। इस अवसर पर समिति के सदस्य जिला कृषि अधिकारी बहराइच डा० सूबेदार यादव, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसंद, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार राजभर, सुगरकेन डायरेक्टर और वरिष्ठ भाजपा नेता राजन सिंह सहित प्रगतिशील कृषक और जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्य लालता प्रसाद गुप्ता, अमित सिंह, निरंजन वर्मा, अम्बिका प्रसाद वर्मा सहित समस्त अधिकारी/पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

# चौपाल लगाकर प्रधान अतुल सिंह ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत रहीमनगर में शुक्रवार कों जन चौपाल का आयोजन किया गया। प्रधान अतुल कुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव राजेंद्र कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की सड़क,बिजली, नाली, पेंशन, राशन व आवास की समस्या सुनकर उनका निस्तारण किया और ग्रामीणों कों सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन कर लाभ ले की अपील की गई। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया ।ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही उपलब्ध कराना है।



# कांवड़ियों की सेवा में आगे आया रुपईडीहा, भंडारे के साथ ठहरने की भी व्यवस्था

**अमन लेखनी समाचार**



रुपईडीहा, बहराइच ।नेपालगंज स्थित खंडेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रुपईडीहा के नेपालगंज रोड स्थित श्री नागेश्वर बाबा महादेव मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सेवा एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। स्थानीय समाजसेवी रामचंद्र जायसवाल जी के सौजन्य से आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में नेपालगंज जाने वाले कांवड़ियों के लिए ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ प्रसाद एवं भंडारे की भी व्यवस्था की गई है ।कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भारत-नेपाल सीमा से होकर नेपालगंज स्थित खंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में उनके लिए विश्राम, भोजन और प्रसाद की व्यवस्था किए जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी ।आयोजक रामचंद्र जायसवाल ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा और धार्मिक यात्रा में सहयोग करना पुण्य का कार्य है ।इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं के लिए यथासंभव सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है ।इस सेवा आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं में भी उत्साह है। मंदिर परिसर में कांवड़ियों के स्वागत और सेवा के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से व्यवस्था में सहयोग करने तथा शांतिपूर्वक भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करें बीईओः आशीष कुमार सिंह

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा**



बहराइच। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शैक्षिक गुणवत्ता सहित शासन द्वारा निर्धारित सभी बिंदुओं की गहनता से जांच की जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य-पुस्तक वितरण, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय की रंगाई-पुताई एवं साफ-सफाई, हाउसहोल्ड सर्वे, शारदा कार्यक्रम, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन), एफएलएन प्रशिक्षण तथा कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्धारित 19 पैरामीटर की विशेष रूप से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से विद्यालयों के संबंध में जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का भी औचक निरीक्षण करते हुए वहां भोजन, छात्राओं की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच की जाए। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने स्तर से आवश्यक पत्र भी जारी कर दिया गया है।

# रुपईडीहा के लॉर्ड बुद्ध महाविद्यालय में एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा स्थित लॉर्ड बुद्ध महाविद्यालय में 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी, बलरामपुर के नेतृत्व में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 21 से 30 अगस्त तक चलेगा, जिसमें करीब 600 एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।शिविर के दौरान कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता और राष्ट्रसेवा की भावना से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाएंगे। एनसीसी के प्रशिक्षण में ड्रिल, सैन्य प्रशिक्षण, फायरिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल रहती हैं। 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर की ओर से इससे पहले भी आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में कैडेट्स को सैन्य भर्ती और नेतृत्व क्षमता के संबंध में जानकारी दी गई है। शिविर में बड़ी संख्या में कैडेट्स के शामिल होने से महाविद्यालय परिसर में एनसीसी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है ।गौरतलब है कि लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज, रुपईडीहा में 51वीं बटालियन एनसीसी द्वारा पहले भी संयुक्त प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा चुका है।



# नगर पंचायत रुपईडीहा में 12 रबीउल अव्वल की तैयारियां जोरों पर

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रुपईडीहा, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में आगामी पर्व 12 रबीउल अव्वल को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों में सजावट, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है ।सीरत कमेटी के सदर खेसाल फारूकी ने बताया कि 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर 25 अगस्त 2026 की रात जलसे का आयोजन किया गया है। जलसे में देश के प्रसिद्ध मौलाना एवं शायर शिरकत करेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे ।उन्होंने बताया कि इसके अगले दिन लगभग दोपहर 2 बजे रुपईडीहा जामा मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगा। आयोजन को लेकर संबंधित लोगों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं ।सीरत कमेटी के सदर ने नगरवासियों के साथ ही आसपास के क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से जुलूस में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील भी की।

# रुपईडीहा में होटल श्री विनायक पैलेस का आगाज, 20 कमरों के साथ यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र रुपईडीहा में यात्रियों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होटल श्री विनायक पैलेस का शुभारंभ किया गया। होटल में करीब 20 कमरों की ठहरने की व्यवस्था है। होटल के शुभारंभ के साथ ही रुपईडीहा में नेपालगंज सहित अन्य स्थानों से भारत आने-जाने वाले लोगों के लिए किफायती दरों पर ठहरने का एक नया विकल्प उपलब्ध हो गया है। होटल के प्रोपराइटर अंकित गोयल ने बताया कि होटल शुरू करने का उद्देश्य रुपईडीहा आने वाले यात्रियों, व्यापारियों, पर्यटकों और अन्य लोगों को सुविधाजनक एवं बेहतर ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध कराना है। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण रुपईडीहा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में यात्रियों को उचित दर पर साफ-सुथरी और सुविधाजनक जगह उपलब्ध कराना होटल की प्राथमिकता रहेगी। होटल श्री विनायक पैलेस में लगभग 20 कमरे उपलब्ध हैं, जिससे एक साथ कई यात्रियों और परिवारों के ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। होटल को यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विशेष रूप से नेपालगंज से रुपईडीहा और भारत के विभिन्न शहरों की ओर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यह होटल सुविधाजनक स्थान पर ठहरने का विकल्प बन सकता है। अंकित गोयल ने कहा कि होटल में किफायती और बेहतर सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि यात्रियों को अपने बजट में अच्छा ठहरने का विकल्प मिल सके। उनका प्रयास है कि रुपईडीहा आने वाले लोगों को होटल में रुकने के दौरान सुविधाजनक वातावरण मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि रुपईडीहा भारत-नेपाल सीमा का प्रमुख आवागमन केंद्र है। नेपाल के प्रमुख शहर नेपालगंज से जुड़े होने के कारण यहां व्यापार, पर्यटन, रोजगार और अन्य कार्यों के सिलसिले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। ऐसे में नए होटल के शुभारंभ से स्थानीय स्तर पर ठहरने की सुविधाओं में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। होटल श्री विनायक पैलेस को आने वाले दिनों में रुपईडीहा में ठहरने वाले यात्रियों के लिए ह्यचीप एंड बेस्टह्न यानी किफायती दर में बेहतर ठहरने के विकल्प के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। होटल प्रबंधन के अनुसार ग्राहकों की सुविधा और संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। होटल के शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय लोगों, व्यापारियों और शुभचिंतकों ने प्रोपराइटर अंकित गोयल को शुभकामनाएं देते हुए होटल के सफल संचालन की कामना की।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**रसोईघर की स्वच्छता एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा**



बहराइच। खंड शिक्षा अधिकारी, तेजवापुर रणजीत कुमार द्वारा विकासखंड तेजवापुर के प्राथमिक विद्यालय सरपतहा, प्राथमिक विद्यालय नरहरगोड़ा, प्राथमिक विद्यालय भयापुरवा, प्राथमिक विद्यालय खैरटिया हमीदपुर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय गोबार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का जायजा लेने के साथ विशेष रूप से मध्याह्न भोजन हेतु संचालित किचन एवं खाद्य सामग्री की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि किचन की नियमित रूप से स्वयं निगरानी एवं देखरेख सुनिश्चित करें तथा मध्याह्न भोजन में प्रयुक्त होने वाले मसाले एवं अन्य खाद्य पदार्थ एगमार्क युक्त एवं गुणवत्तापूर्ण हों। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री के सभी पैकेट सीलबंद एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। बरसात के मौसम में खाद्य सामग्री में नमी एवं फफूंदी लगने की संभावना को देखते हुए उसके सुरक्षित भंडारण की समुचित व्यवस्था की जाए। खाद्य तेल का प्रयोग भी ब्रांडेड एवं गुणवत्तापूर्ण ही किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दो दिवस के अंदर पूर्ण कराते हुए अनुपालन आख्या कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# बोल बम जयकारे के साथ कस्बा से निकली काँवड़ यात्रा

**प्रधान सोरहिया ने कांवड़ियों को कराया जलपान, की पुष्प वर्षा**

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही पुलिस**



**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**

बहराइच। गुरुवार देर शाम बोलबम के जयकारों के साथ काँवाड़ियों की विशाल काँवड़ यात्रा कस्बा बाबागंज से नेपाल के लिये निकली। हजारों की संख्या में निकले कांवड़िये तकिया से जल भरकर कस्बा बाबागंज से होते हुए नेपाल के लिए रवाना हुए जहां पर वह बागेश्वरी मंदिर स्थित महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। कस्बा बाबागंज पहुंचने पर प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा के द्वारा समस्त कांवड़ियों को जलपान की व्यवस्था भी कराई गई तथा इन पर पुष्प वर्षा कर इनका स्वागत किया गया। इस दौरान काँवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर रुपईडीहा कोतवाल हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली व बाबागंज चौकी पुलिस भारी मात्रा में बराबर मुस्तैद रही।

# 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन को अगले माह होगा पेंशन का भुगतान

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोग के लिये काम कर रहे सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को पेंशन का भुगतान करने हेतु एक नया माध्यम बनाया जा रहा है। जिसके कारण 80 या उससे अधिक प्रतिशत वाले दिव्यांगजनों की पेंशन अगले माह सितम्बर 2026 के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक उनके आधार एवं एनपीसीआई पोर्टल से लिंक बैंक खाते में आयेगी। डॉ. कुमार ने दिव्यांगजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होने की सलाह दी है।

# लेन-देन के विवाद में महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम अधुर्जपुर में बीज के बकाए पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह चोटिल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर लिय ग्राम अधुर्जपुर निवासी संगीता पत्नी राकेश ने गांव के ही कमलू पुत्र रमसुर को टिंडे का बीज दिया था। 19 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे जब संगीता बीज के पैसे मांगने कमलू के घर पहुंची, तो उसने रुपए देने से साफ इंकार कर दिया और पीड़िता के साथ अभद्रता व गंदी-गंदी गालियां देने लगा। पीड़िता द्वारा गाली देने का विरोध करने पर आरोपी आगबबूला हो गया और उसने पास पड़ी ईंट उठाकर संगीता पर चला दी। ईंट लगने से महिला को काफी चोटें आई हैं। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

## संक्षेप

### फैजुल्लापुर में 100 केवी ट्रांसफार्मर जमीन पर, 13 ट्यूबवेल बंद

**किसानों ने सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग की, सिंचाई बाधित**

बागपत , फैजुल्लापुर गांव में ग्रामीणों ने जमीन पर रखे 100 केवी क्षमता के विद्युत ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर लंबे समय से जमीन पर है और इसके जर्जर जॉइंट के कारण इसे ऊंचाई पर स्थापित नहीं किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि ट्रांसफार्मर के आसपास खुले में विद्युत व्यवस्था होने से चोरी का खतरा बना हुआ है। यदि ट्रांसफार्मर चोरी हो जाता है, तो विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान होगा और किसानों को लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर के तीनों ओर से लगभग 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइनें गुजर रही हैं, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों के लिए दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है।इसके अतिरिक्त, इसी ट्रांसफार्मर से जुड़े लगभग 13 ट्यूबवेल बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण बंद पड़े हैं।वर्तमान में धान की फसल को सिंचाई की अत्यधिक आवश्यकता है। बिजली आपूर्ति सुचारु न होने के कारण किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है।ग्रामीणों ने मौके का निरीक्षण कर ट्रांसफार्मर को जमीन से हटाकर सुरक्षित और ऊंचे स्थान पर स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और 13 ट्यूबवेलों की बिजली आपूर्ति जल्द बहाल करने की भी मांग की है, ताकि किसानों की फसल को नुकसान से बचाया जा सके। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### किसान दिवस में दो गुटों के किसान भिड़े

**अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए, समस्याओं का समाधान मांगा**

बागपत ,विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान भारतीय किसान संघ और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर हंगामा और कहासुनी हो गई। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद किसानों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। सीट से उठकर अधिकारियों के पास पहुंचने पर हुआ विवाद किसान दिवस के दौरान भारतीय किसान संघ के कुछ कार्यकर्ता अपनी कुर्सियों से उठकर अधिकारियों के पास पहुंच गए। इस पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने उन्हें सीट पर बैठकर ही अपनी समस्या रखने को कहा।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।अपनी समस्या पहले रखने को लेकर भी किसानों के बीच नोकझोंक हुई। विवाद बढ़ता देख अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को शांत कराया।लंपी वायरस का टीका और फसल मुआवजे की मांगबैठक में किसानों ने पशुओं को लंपी वायरस से बचाव का टीका लगाने और हिंडन नदी से प्रभावित किसानों को फसल का मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2 घंटे सफाई देते रहे नगर आयुक्त

**कोर्ट ने कहा- 24 घंटे में जलभराव खत्म करें, मास्टर प्लान बनाकर रिपोर्ट दें**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, बारिश के बाद शहर में 5 फीट तक हुए जलभराव को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा को निर्देश दिया कि अगले 24 घंटे में शहर के निचले इलाकों से जलभराव खत्म कराएं। जहां भी पानी भरा है, वहां पर्याप्त संख्या में वाटर पंप लगाकर तत्काल पानी निकाला जाए। कोर्ट ने नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा से प्रभावित इलाकों की तत्काल कार्ययोजना तैयार कर अगली सुनवाई में पेश करने को कहा है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त करीब 2 घंटे तक सफाई देते रहे। हाईकोर्ट ने साफ किया कि फिलहाल जलभराव को दूर करें, लेकिन समस्या का समाधान केवल पंप लगाकर पानी निकालने तक सीमित नहीं रहेगा। कोर्ट ने जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था पर भी रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। उस दिन भी नगर आयुक्त को कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दिया गया है।

**अफसर ने बताया- जलभराव के स्थायी समाधान के लिए मास्टर प्लान बन रहा**

न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने आदेश दिया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को व्यक्तिगत पेशी से हाईकोर्ट ने छूट दे रखी थी। सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम की ओर से तैयार जलनिकासी की कार्ययोजना को कोर्ट को बताया। सचिव अर्बन प्लानिंग एवं डेवलपमेंट की ओर से भी हलफनामा दाखिल किया गया। इसमें बताया गया कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसकी निगरानी शासन स्तर से की जाएगी।सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट टीपी सिंह और अमरेंद्र नाथ सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रयागराज में जलभराव की स्थिति इस बार बेहद गंभीर है।उन्होंने साल 2014 में जलभराव को लेकर दाखिल जनहित याचिका के बारे में भी बताया।

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 2 की मौत

**25 से ज्यादा घायल, धान की रोपाई करने जा रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रॉली में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि करीब 20 मजदूर घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराया और ट्रॉली समेत पलट गया। हादसे के बाद ट्रॉली में सवार मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। करीब 30 लोग ट्रॉली के नीचे दब गए। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बचाव कार्य शुरू कर ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रयागराज-रीवा हाईवे पर सुरवल साहनी के पास हुआ।

**42 मजदूर धान की रोपाई के लिए जा रहे थे**

पुलिस के मुताबिक, बारा के सोनरा गांव से करीब 42 मजदूर धान की रोपाई करने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के सुरवल गांव जा रहे थे। दोनों गांवों के बीच करीब 5 किलोमीटर की दूरी है। सभी मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर खेतों में काम करने के लिए निकले थे। ट्रैक्टर मवैया के प्रधान का बताया जा रहा है। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रयागराज-रीवा हाईवे पर सुरवल साहनी के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची, तो सामने से तेज रफ्तार बाइक आ गई। बाइक को बचाने की कोशिश में चालक ने अचानक ट्रैक्टर मोड़ दिया।

# ट्यूशन जा रही 14 साल की छात्रा से मोबाइल छीना

**पीछे से आए दो किशोरों ने झपट्टा मारा; सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , टीपीनगर थाना क्षेत्र में ट्यूशन जा रही 14 साल की छात्रा से दो किशोर मोबाइल छीनकर फरार हो गए। दोनों काफी देर से छात्रा का पीछा कर रहे थे। सांईपुरम गली नंबर-दो में छात्रा ने जैसे ही बात करने के लिए मोबाइल निकाला, दोनों ने पीछे से झपट्टा मारकर फोन छीन लिया। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान कर रही है।ट्यूशन जाते समय पीछे लग गए थे दोनों किशोर देवलोक कॉलोनी की रहने वाली सुषमा ने कि उनकी बेटी श्रद्धा (14) मंगलवार शाम करीब 5 बजे ट्यूशन पढ़ने के लिए माधवपुरम जा रही थी। वह सांईपुरम गली नंबर-दो में पहुंची थी। छात्रा के मुताबिक, रास्ते में दो किशोर काफी देर से उसका पीछा कर रहे थे। उसने इस पर ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ती रही। गली में पहुंचने के बाद उसने बातचीत करने के लिए मोबाइल निकाला। इसी दौरान दोनों किशोर पीछे से आए और हाथ से मोबाइल छीनकर तेजी से फरार हो गए। मां को फोन कर दी घटना की जानकारीमोबाइल छीने जाने के बाद छात्रा ने तुरंत अपनी मां को घटना की जानकारी दी। सुषमा मौके पर पहुंचीं और डायल-112 पर सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गई और छात्रा से घटना के बारे में जानकारी ली।इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। सीसीटीवी में भागते नजर आए आरोपीपुलिस की जांच में सामने आया कि वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों किशोर मोबाइल छीनकर भागते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में उनके चेहरे भी साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान करने का प्रयास कर रही है

# सौतेली बेटी ने मां का मर्डर किया

**प्रेमी संग धारदार हथियार से गला काटकर धड़ से अलग किया, रुड़की गंगनहर में लाश फेंकी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सौतेली बेटी उन्नति ने अपने प्रेमी आशीष चौहान संग मिलकर मां की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद लाश को 100 किमी दूर रुड़की की मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के पास नहर में जाकर फेंक दिया। गंगनहर पुल के पास रुड़की में आते-जाते लोगों ने महिला की अज्ञात लाश बोरी में पड़ी देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुबूत जुटाए। तफ्तीश में पता चला कि लाश मेरठ की 40 साल की महिला की है। जांच में पता चला कि महिला की हत्या उसकी सौतेली बेटी उन्नति ने प्रेमी आशीष के साथ मिलकर की है। पुलिस अन्य जानकारी जुटा रही है। कार में सिर काटा फिर बोरी में भरी लाशपुलिस की जांच में पता चला की आरोपियों ने कार में महिला का सिर धड़ से अलग कर शव को बोरी में बंद कर रुड़की की नहर में फेंक दिया और दोनों लोग फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा तब हुआ, जब मंगलौर में सिंचाई विभाग दफ्तर के पास स्थानीय लोगों ने एक बोरी में बंद सिरकटी लाश देखी। इसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी।

**आसपास के सीसीटीवी भी पुलिस ने चैक किए**


सूचना मिलते ही मंगलौर कोतवाली प्रभारी भगवान सिंह मेहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त में जुट गई। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य भी जुटाए।मामले की जानकारी मिलते ही एसपी देहात शेखर चंद सुयाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि आज सुबह कूड़ा बीनने वालों ने पुलिस को सूचना दी कि एक महिला का गला रेता शव नहर पुल के पास किसी पड़ा हुआ है। पुलिस टीम को घटना के हर पहलू की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शव देखने से प्रतीत हो रहा है कि महिला की हत्या कर उसका शव यहां फेंका गया है

पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबि बुधवार देर शाम वारदात का खुलासा होगा।

# दरोगा ने शादी का झांसा देकर छात्रा से किया दुष्कर्म

**दोस्त के फ्लैट पर ले जाकर शारीरिक शोषण किया, केस दर्ज होने के बाद भाग गया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,मेडिकल थाने में तैनात एक दरोगा पर सीसीएस यूनिवर्सिटी की दलित छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है। छात्रा की मुलाकात कुछ महीने पहले यूनिवर्सिटी कैंपस में दरोगा से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि करीब दो सप्ताह पहले दरोगा छात्रा को अपने दोस्त के फ्लैट पर ले गया। वहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।बाद में दरोगा ने छात्रा से शादी करने से इनकार कर दिया।इसके बाद छात्रा ने एसएसपी से शिकायत की। जांच के बाद भावनपुर थाने में आरोपी दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलते ही दरोगा छुट्टी लेकर फरार हो गया। यूनिवर्सिटी कैंपस में हुई थी मुलाकातशामली निवासी छात्रा सीसीएस यूनिवर्सिटी से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही है।कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात मेडिकल थाने की तेजगढ़ी चौकी पर तैनात दरोगा ललित से हुई थी। आरोप है कि दरोगा ने छात्रा से उसका मोबाइल नंबर लिया और किसी न किसी बहाने उससे बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हो गई। छात्रा जब भी मेरठ आती थी, उसकी दरोगा से मुलाकात होती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने का आरोप है।

**दोस्त के फ्लैट पर ले जाकर दुष्कर्म का आरोप**

छात्रा के मुताबिक, करीब दो सप्ताह पहले वह यूनिवर्सिटी कैंपस आई थी। इसी दौरान दरोगा उससे मिलने पहुंचा। आरोप है कि बातचीत के बहाने वह छात्रा को अपने साथ ले गया। इसके बाद उसे मेडिकल क्षेत्र की एक कॉलोनी में स्थित अपने दरोगा मित्र के फ्लैट पर ले गया।

# क्लब में युवकों ने की मारपीट

**क्लब संचालक ने की शिकायत, पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली स्थित सिग्नेचर ग्लोबल मॉल के को-को बार में मंगलवार रात मारपीट और कैश छीनने का मामला सामने आया है। घटना का उउळश फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में कुछ युवक बार के अंदर मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि लोनी निवासी समीर और सुबहान करीब दर्जनभर युवकों के साथ बार में पहुंचे थे। वहां पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर युवकों ने बार के कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बार में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। बार संचालक सुधीर जायसवाल ने बताया कि समीर और सुबहान पर पहले से कुछ रकम बकाया थी। बकाया रकम का भुगतान नहीं किए जाने के कारण दोनों की बार में एंट्री रोक दी गई थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर दोनों अपने साथियों के साथ बार पहुंचे और वहां हंगामा करते हुए कर्मचारियों के साथ मारपीट की। बार संचालक ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान बार का कैश भी छीन लिया गया। घटना के बाद बार की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और फुटेज को जांच में शामिल किया है।कौशांबी क्षेत्र में एक क्लब के बाहर 3,000 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें गोली चलने से एक बाउंसर अनु भाटी घायल हो गया था, पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। लगातार हो रहीं घटनाओं ने पुलिस की नींद उड़ा दी है, इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस नाकाम नजर आ रही है, बदमाश लगातार खुलेआम पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायत और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# चवन्नी वाले बयान पर भड़का रालोद, अखिलेश का पुतला फूंका

**मेरठ में टोटी चोर होश में आओ के लगाए नारे, कमिश्नरी पर प्रदर्शन; पुलिस मूकदर्शक रही**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सपा मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को लेकर कथित तौर पर दिए गए चवन्नी वाले बयान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सियासी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कमिश्नरी चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुलिस की मौजूदगी में पुतला आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के दौरान टोटी चोर होश में आओ के नारे भी लगाए गए। सपा का सुपड़ा साफ करेगी रालोद अभिमन्यु ने कहा कि रालोद का कार्यकर्ता 2027 में समाजवादी पार्टी का सियासी सुपड़ा साफ करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी न तो चवन्नी हैं और न रुपया, वह अपने आप में डॉलर हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की क्या हैसियत है, इसका जवाब 2027 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस जयंत चौधरी को अखिलेश यादव चवन्नी कहकर अपमानित कर रहे हैं, उसी रालोद ने गठबंधन के दौर में समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई थी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जयंत चौधरी के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी को रालोद किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा।

**जिनसे खतरा था उन्हीं से सुरक्षा कराई**

युवा नेता प्रताप लोहिया ने कहा कि अखिलेश यादव को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर उनके पिता मुलायम सिंह यादव की विरासत से मिला। उन्होंने पुराने राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि एक समय बीहड़ से मुलायम सिंह यादव के एनकाउंटर की बात वाला पत्र जारी हुआ था। उस दौर में मुलायम सिंह यादव, चौधरी चरण सिंह के पास पहुंचे और मदद मांगी थी। प्रताप लोहिया ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने मुलायम सिंह यादव को विधान परिषद भेजने और उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों से मुलायम सिंह यादव को खतरा बताया जा रहा था, बाद में वही उनकी सुरक्षा में लगाए गए।

# हॉस्टल के बंद कमरे में लगी आग

**हादसे के समय नहीं था कोई मौजूद, फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र स्थित सावित्रीबाई फुले कन्या इंटर कॉलेज के हॉस्टल में सुबह आग लग गई। आग हॉस्टल के एक बंद कमरे में लगी थी। कमरे में फर्नीचर और कुछ कागजात रखे थे, जो आग में जल गए। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की जानकारी मिलते ही फायर विभाग की टीम तीन दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझने से इसे हॉस्टल के दूसरे कमरों तक फैलने से रोक लिया गया बंद कमरे में रखा था सामानजिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे हॉस्टल के कमरे में आग लगने की सूचना मिली थी। जिन कमरों में आग लगी, वे पहले से बंद थे। वहां केवल फर्नीचर और कुछ दस्तावेज रखे हुए थे। आग से कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग हॉस्टल के अन्य हिस्सों तक पहुंचती, उससे पहले ही दमकल टीम ने इसे नियंत्रित कर लियाशॉर्ट सर्किट समेत अन्य कारणों की जांचफिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है।

# दोस्त ने ही की थी केयरटेकर की हत्या

**साथ बैठकर बीयर पी, गाली देने पर सीने पर बैठकर गला दबाया**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में क्रिकेट स्टेडियम के केयरटेकर जसवीर मौर्य की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके दोस्त गोविंद शर्मा ने की थी। दोनों साथ बैठकर बीयर पी रहे थे। इसी दौरान गाली देने को लेकर विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि गोविंद ने जसवीर को जमीन पर गिराया और उसके सीने पर बैठकर दोनों हाथों से गला दबा दिया। जसवीर की मौत के बाद गोविंद मौके से भाग गया। भागते समय उसकी चप्पल घटनास्थल पर ही छूट गई। पुलिस ने इसी सुराग के साथ लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान की। बुधवार को पुलिस ने गोविंद शर्मा को रोजा याकूबपुर से गिरफ्तार कर लिया।

**क्रिकेट देखने के दौरान हुई थी दोनों की दोस्ती**

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र सिंह के मुताबिक, गोविंद शर्मा मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वह पिछले करीब चार साल से कारपेंटर का काम कर रहा है। वह अक्सर आरसीजी क्रिकेट ग्राउंड में मैच देखने जाता था। इसी दौरान उसकी दोस्ती स्टेडियम के केयरटेकर जसवीर मौर्य से हुई। जसवीर स्टेडियम परिसर में बनी एक कोठरी में अकेला रहता था। वह स्टेडियम की साफ-सफाई, देखरेख और घास काटने का काम करता था। दोस्ती बढ़ने के बाद दोनों अक्सर साथ बैठकर शराब और बीयर पीने लगे थे।पुलिस पूछताछ में गोविंद ने बताया कि 1 अगस्त को भी दोनों जसवीर की कोठरी के सामने बैठकर बीयर पी रहे थे। इसी दौरान जसवीर ने उसे मां-बहन की गालियां देना शुरू कर दिया।

# बिलासपुर में चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**48 करोड़ रुपये की जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण न बिलासपुर में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान करीब 24 हजार वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 48 करोड़ रुपये है। यह कार्रवाई प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर की गई। कालोनाइजर अधिसूचित क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने का प्रयास कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि बिलासपुर के खसरा संख्या 1554 की जमीन पर कालोनाइजर अवैध निर्माण कर कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में वर्क सर्किल 8 की टीम ने सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट किया कि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की अनुमति नहीं है।

# नगर आगमन पर विशाल कांवड़ यात्रा का राज्यमंत्री ने किया भव्य स्वागत

**नगर पालिका कर्मियों ने कांवड़ यात्रियों को फल, पानी और बिस्किट वितरित कर किया सहर्ष स्वागत और दीं शुभकामनाएं!**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद(हरदोई): शिव भक्तों की विशाल कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन जल भरकर फरुर्खाबाद से रवाना हुए और रूपपुर, पाली, परेली आदि दर्जनों गांवों से होते हुए शाहाबाद नगर पालिका में प्रवेशोंपरांत नगर के मोहल्ला गिगियानी, चौक, घंटाघर, बेझा रोड, होली कला, घासमंडी, दिलेरगंज, स्टेट बैंक, सरकारी अस्पताल, नगरपालिका कार्यालय होते हुए अल्हापुर पहुंची। इससे पूर्व कांवड़ियों के नगर में प्रवेश करने पर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने खेड़ा तिराहा पाली शाहाबाद मार्ग पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और प्रसाद ग्रहण कराते हुए शाहाबाद नगर की मुख्य बाजार मार्ग पर प्रवेश कराया। जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर विशाल जन समुदाय मौजूद रहा और हजारों की संख्या में भगवान शिव शंकर के जयकारों की ध्वनि से पूरा वातावरण गुजायमान रहा। चहुं ओर ढोल, नगाड़ों और डीजे की ध्वनि पर भक्तगण थिरकते नजर आए। अधिकांश युवाओं की विशाल भीड़ के साथ वृद्धजन और बच्चों की भी सहभागिता देखी गई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस की विशेष निगरानी में कांवड़ यात्रा गुजरी। नगर पालिका कार्यालय पर लगभग दो बजे के आसपास कांवड़ियों का भव्य स्वागत नगर पालिका परिषद शाहाबाद के अधिशासी अधिकारी सर्वेश कुमार कुशवाहा और अवर अभियंता विजय कृष्ण यादव सहित अन्य कर्मचारियों ने कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फल, पानी और बिस्किट वितरित किए गए। श्रद्धाभाव के साथ कांवड़ यात्रियों की सेवा की गई और उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा किए गए इस सेवा कार्य से कांवड़ यात्रियों में भी प्रसन्न नजर आए।

# हरदोई में भीषण सड़क हादसा, कार-ऑटो की टक्कर में एक की मौत, कई घायल

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में महुआ टोला स्थित स्वराज एजेंसी के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। कार और ऑटो की जोरदार टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर दूसरे ऑटो से जा भिड़ा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत आठ लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112, शाहाबाद कोतवाली पुलिस और कई एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने तत्काल राहत-बचाव शुरू किया। गंभीर रूप से घायल रघुवीर पुत्र कृष्ण पाल, निवासी ग्राम पसगामा, थाना बेहटा गोकुल को पुलिस अपनी गाड़ी से अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। घायलों में उपेंद्र सिंह यादव निवासी फिरोजपुर खुर्द, चंद्रकाली निवासी मडिया, शिवनारायण यादव निवासी वहरैया, मगरे लाल निवासी दनियापुर, सोमवती निवासी पाली, आदित्य पांडे निवासी महुई पुरी, अनामिका और इंद्र मोहन निवासी नई बस्ती शामिल हैं। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की वजह और वाहनों की स्थिति की जांच की जा रही है।

# चौकी प्रभारी सीतापुर ने बोलेरो चोर को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर सत्येन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में उ0नि0 यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर व उनकी टीम द्वारा बोलेरो चोरी के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।




## संक्षिप्त विवरण–

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 12.08.2026 को वादी नन्दराम जायसवाल पुत्र रामस्वरूप जायसवाल निवासी ग्राम कैरोखर, थाना ककवई, जिला झाँसी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दिया गया कि अपने दोस्तों के साथ बोलेरो नम्बर वढ 93 अल 5441 से समय करीब 03:00 बजे सुबह पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर कर्वी जनपद चित्रकूट पार्किंग में खड़ी करके कामतानाथ जी की परिक्रमा करने चला गया था। समय करीब 08:30 बजे सुबह परिक्रमा से वापस आने पर गाड़ी बोलेरो उपरोक्त पार्किंग में नहीं थी। जिसका मूल्य लगभग 2 लाख के आसपास थी। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 494/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा चौकी प्रभारी सीतापुर को चोरी की घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आज दिनाँक 20.08.2026 को चौकी प्रभारी सीतापुर एवं उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर कर्वी जनपद चित्रकूट पार्किंग में खड़ी बोलेरो गाड़ी को चोरी करने वाला एक चोर बांदा रोड नो-इन्ट्री के पहले खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके तुलसी महाविद्यालय के पास पहुंचकर खड़े व्यक्ति के ओर जाने लगे तो खड़ा व्यक्ति भागने लगा। जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूंछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो उसने अपना नाम धनराज सिंह पटेल पुत्र दशरथ सिंह निवासी ओबरी मोड़ थाना बरगढ़ हाल पता ग्राम गढ़वा थाना मऊ जनपद चित्रकूट उम्र करीब 49 वर्ष बताया तथा यह भी बताया कि मैं और अंकित सिंह दोनों ने मिलकर सीतापुर स्कूल गये, जहाँ पर पार्किंग में कई गाड़ियाँ खड़ी थी जिसमें एक पुरानी बोलेरो गाड़ी वढ 93 ॠ 0143 की लॉक तोड़कर चोरी करके महोबा चले गये। अंकित सिंह ने कहा कि गाड़ी लेकर फतेहपुर जा रहा हूँ। गाड़ी की बिक्री होने पर तुमकों (धनराज) को 20000/- रुपए दे दूंगा। अंकित सिंह दिनाँक 16.08.2026 को कर्वी आकर धनराज को 5000/- रुपए दिये और कहा की अभी गाड़ी की बिक्री नही हुई है। इसके बाद वह चला गया। आज अंकित सिंह से पैसे लेने जा रहा था कि पुलिस ने धनराज को पकड़ लिया। धनराशि बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। शेष प्रकाश में आये अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे है।

खास समाचार

# हरदोई के एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह बने बलरामपुर एसपी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई की पुलिस व्यवस्था में बड़ा फेरबदल हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पद पर तैनात मार्तण्ड प्रकाश सिंह का तबादला कर उन्हें बलरामपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पदोन्नति के बाद यह उनकी पहली बड़ी जिम्मेदारी है। वहीं श्लोक गौतम को हरदोई में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है। मार्तण्ड प्रकाश सिंह दिसंबर 2023 में हरदोई के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बनाए गए थे। करीब ढाई साल की तैनाती के दौरान उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। थाना क्षेत्रों का निरीक्षण, अपराध की समीक्षा, पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देने के साथ संवेदनशील मामलों में मौके पर पहुंचकर पुलिस कार्रवाई की निगरानी भी करते रहे। करीब दो माह पहले उन्हें अरढ पद से भारतीय पुलिस सेवा (कढर) में पदोन्नति मिली थी। अब पदोन्नति के बाद उन्हें बलरामपुर जिले की कमान सौंपी गई है। रढ के रूप में यह उनकी नई और अहम जिम्मेदारी होगी। वहीं श्लोक गौतम के हरदोई में आने के बाद पुलिस विभाग में जिम्मेदारियों का नया समीकरण बनेगा। उनके सामने कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने और अपराध नियंत्रण की चुनौती होगी। मार्तण्ड प्रकाश सिंह की विदाई के साथ हरदोई में उनकी तैनाती के दौरान किए गए कार्यों की भी पुलिस महकमे में चर्चा है।

# थाना भरतकूप पुलिस टीम ने 01 अभियुक्त को 01 अदद अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 अतीन्द्र सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त विजय उर्फ बारेलाल पुत्र रामदीन निवासी कलरा थाना नरैनी जनपद बांदा उम्र करीब 22 वर्ष को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# हेल्पलाइन नंबर एवं कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा आवश्यकता होने पर बालिकाओं को 181, 1098, 112, 102, 1090 एवं 1076 हेल्पलाइन नंबरों तथा संबंधित विभागीय सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट साधना मिश्रा, परियोजना समन्वयक मुकेश सिंह, केस वर्कर सीमा शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर सफरुद्दीन सहित संबंधित टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आत्मरक्षा एवं महिला अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# किशोरियों को दिया गया स्वरक्षा एवं महिला अधिकारों संबंधी प्रशिक्षण




**लैंगिक संवेदनशीलता, आत्मरक्षा एवं सुरक्षा उपायों के प्रति किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार महिला कल्याण विभाग के हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्डलाइन एवं हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 20 अगस्त 2026 को महिला संकुल कार्यालय, बिल्ली मारकुंडी, ओबरा, विकासखंड चोपन में किशोरियों के लिए जागरूकता एवं स्वरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों को लैंगिक संवेदनशीलता आत्मरक्षा के प्रभावी उपाय, आत्मविश्वास में वृद्धि, नेतृत्व क्षमता का विकास एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम (ढडरल अू३) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के प्रति भी जागरूक किया गया।

### गुड टच–बैड टच एवं लैंगिक उत्पीड़न से बचाव की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, बालिकाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी असहज अथवा संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के उपाय बताए गए।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई थाना क्षेत्र के पडरा लखनपुर गांव निवासी 60 वर्षीय कमलेश कुमार कठेरिया पुत्र विषु ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते एएनएम सेंटर के पास पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। वह गांव में पानी की टंकी पर चौकीदार के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार सुबह गांव निवासी सुधीर ने कमलेश को पेड़ पर लटका देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार कमलेश गुरुवार शाम से लापता था। उन्होंने काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सूचना पर एसआई राकेश कुमार व एसआई शुभम सिंह मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी नीलम और चार पुत्र मोहित, रोहित, सुमित व सुमति हैं। इनमें दो पुत्रों की शादी हो चुकी है। बताया गया कि एक दिन पूर्व पानी की टंकी से केबिल चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनसुनवाई फरियाद मे दिव्यांग रामवृक्ष को जिलाधिकारी ने प्रदान की मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**दैनिक आवागमन की कठिनाई होगी दूर, आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन को मिलेगा संबल**

**जनसुनवाई में प्राप्त पात्र प्रकरणों का संवेदनशील एवं समयबद्ध निस्तारण जिला प्रशासन की प्राथमिकता–जिलाधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी की जनसुनवाई में प्राप्त एक प्रकरण का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुए दिव्यांग रामवृक्ष को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। दिनांक 09 जुलाई, 2026 को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम व पोस्ट पनारी, विकास खण्ड चोपन, तहसील ओबरा निवासी रामवृक्ष पुत्र विश्वनाथ ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया था कि वह दोनों पैरों से 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध न होने के कारण उन्हें दैनिक आवागमन एवं जीवन-यापन से जुड़े कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को रामवृक्ष के अभिलेखों एवं पात्रता की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सत्यापित करने को कहा कि उन्हें पूर्व में किसी अन्य योजना अथवा माध्यम से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध तो नहीं कराई गई है। जांच के उपरांत जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा रामवृक्ष को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए पात्र पाया गया तथा यह भी पुष्टि हुई कि उन्हें पूर्व में किसी अन्य माध्यम से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त नहीं हुई है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट परिसर मे सी0एस0आर0 मद से प्राप्त मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल रामवृक्ष को प्रदान की। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से उनके दैनिक आवागमन में सुगमता आएगी तथा आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी जीवन की दिशा में उन्हें महत्वपूर्ण संबल मिलेगा। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त होने पर रामवृक्ष की आखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और उन्होने जिलाधिकारी कों इसके लिए धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों से संबंधित प्रकरणों का संवेदनशीलता पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त की 3.12 लाख कीमत की पिकअप वाहन को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत किया गया कुर्क

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के कुशल नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रायपुर विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-03/2026, धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संतोष कुमार तिवारी पुत्र वैंकटेश्वर तिवारी, निवासी ग्राम सेमरा, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा गौवंश की तस्करी से अर्जित अवैध आय से क्रय की गई मालवाहक पिकअप वाहन संख्या वढ-64 उळ-1158, जिसकी अनुमानित कीमत 3,12,000/- (तीन लाख बारह हजार रुपये) है, को धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क किए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। उक्त रिपोर्ट के क्रम में दिनांक 14.08.2026 में जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में थाना रायपुर पुलिस द्वारा उक्त वाहन को अभियुक्त के घर से अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराध एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों में भय एवं दहशत व्याप्त है।

# सोनभद्र के युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारंभ

**राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग ने किया शुभारंभ, वढरउ, ठएएळ, खए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को मिलेगा निःशुल्क मार्गदर्शन**

**प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना– राज्य मंत्री।**

**जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी बने विद्यार्थियों के मार्गदर्शक, साझा किए अपनी सफलता के अनुभव।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जनपद के प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में निःशुल्क कोचिंग सेन्टर का शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड जी ने कोचिंग का शुभारंभ कर छात्र- छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से लेकर सफलता प्राप्त करने तक के अपने अनुभव साझा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वढरउ, ठएएळ, खए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण, संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य मंत्री, समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ऐसे प्रतिभाशाली एवं परिश्रमी युवाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान कर रही है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने भविष्य को नई दिशा देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण कोचिंग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यार्थी इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, नियमित कक्षाओं में प्रतिभाग करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर पूरी मेहनत से तैयारी करें। उन्होंने कहा कि संकल्प मजबूत हो और प्रयास निरंतर हों तो सफलता की राह में आने वाली बाधाओं को पार किया जा सकता है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं बिना कोचिंग के परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिलाधिकारी ने कहा कि कोचिंग मार्गदर्शन का एक माध्यम हो सकती है, लेकिन सफलता का वास्तविक आधार विद्यार्थी का स्वाध्याय, अनुशासन, सही रणनीति और निरंतर अभ्यास है। अभ्यर्थी सबसे पहले परीक्षा के पाठ्यक्रम और पैटर्न को अच्छी तरह समझें, सीमित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री का चयन करें और अपनी क्षमता के अनुरूप दैनिक अध्ययन की ठोस कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास करने, समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा समय-समय पर अपनी तैयारी का स्वयं मूल्यांकन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दूसरे अभ्यर्थियों से तुलना करने के बजाय अपनी कमियों को पहचानकर उनमें निरंतर सुधार करें।


# तेज बारिश से कच्चा मकान भरभराकर गिरा, गृहस्थी का सामान मलबे में दबा

अमन लेखनी समाचार



डाला, सोनभद्र। चोपन विकासखंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला परास पानी में हुई तेज बारिश के कारण एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। मकान गिरने से घर में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल चुके थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब नौ बजे क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हुई। लगातार बारिश के चलते परास पानी निवासी राजेश गोंड (45) पुत्र मनराज के कच्चे मकान में पानी भरने लगा। स्थिति बिगड़ती देख राजेश गोंड और उनके परिवार के सदस्य तत्काल मकान से बाहर निकलकर कुछ दूरी पर स्थित एक झोपड़ी में चले गए। परिवार के घर से निकलने के कुछ ही देर बाद कच्चा मकान मुख्य दरवाजे समेत भरभराकर गिर गया। मकान गिरने के कारण घर में रखा घरेलू सामान मलबे और मिट्टी में दब गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई, जिसके बाद राजस्व विभाग की ओर से नुकसान का जायजा लिए जाने की बात कही गई है। पीड़ित मकान स्वामी राजेश गोंड ने बताया कि तेज बारिश के दौरान अचानक घर में पानी भरने लगा था। खतरे को देखते हुए वह परिवार के साथ मकान से बाहर निकल गए और पास स्थित झोपड़ी में चले गए। कुछ ही देर बाद उनका कच्चा मकान गिर गया। उन्होंने बताया कि समय रहते घर से निकल जाने के कारण परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। राजेश गोंड ने बताया कि उनकी तबीयत भी काफी खराब चल रही है। उनके दाहिने तरफ के मुंह, हाथ और पैर में लकवा होने के कारण उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। ऐसे में मकान गिरने के बाद परिवार के सामने रहने और गृहस्थी का सामान सुरक्षित करने की समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के नुकसान का स्थलीय निरीक्षण कराकर नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में परिवार को सुरक्षित आश्रय मिल सके।

# ओबरा में जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, 10 टीमों ने किया प्रतिभाग



अमन लेखनी समाचार

ओबरा, सोनभद्र। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ओबरा- में जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। मैदान पर खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने-अपने मुकाबले खेले। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस जनपदीय प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ ही उनके अंदर अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। विभिन्न टीमों के बीच हुए मुकाबलों को देखने के लिए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को जनपद स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिला। आयोजकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान खेल नियमों और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल रहा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## महात्मा गांधी के किरदार में पहली बार दिखेंगे मनोज

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत में एक बड़े और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की नींव रखी गई है। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुड़े एक बेहद संवेदनशील और कम चर्चित अध्याय को बड़े पर्दे पर उतारने के लिए जाने-माने फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा एक साथ आए हैं। इस महत्वाकांक्षी फिल्म में तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके अभिनेता मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे और पहली बार पर्दे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आइकॉनिक किरदार निभाएंगे। उनके साथ दिग्गज अभिनेता सौरभ शुक्ला भी एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

लाइफ Style



## कियारा

### 'नादिया' ने मुश्किल चीजों के साथ सहज होना सिखाया

यश की फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में कियारा आडवाणी ने नादिया का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने एक अभिनेत्री के तौर पर अपने किरदार से जुड़े अनुभव साझा किए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कियारा के लिए फिल्म 'टॉक्सिक' उनके कॅरियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म में नादिया का किरदार निभाने और उसकी मांग पर कियारा ने काफी कुछ लगा। एक्ट्रेस ने लिखा- फिल्में हमें उस दुनिया में ले जाने का एक खूबसूरत तरीका होती हैं जिनमें हम असलियत में नहीं जा सकते। हर नया किरदार, हर नया सेट, हर चुनौती आपको कुछ ऐसा सिखाती है। आपकी क्षमताओं के बारे में बताती है। इस किरदार ने मुझे अपरिचित और मुश्किल चीजों के साथ भी सहज होना सिखाया। नया किरदार आपको नए कौशल, नए रोमांच और उस जुनून के लिए जो आपको बार-बार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मेरे लिए ग्रोथ का मतलब हमेशा उस काम के लिए हामी भरना है जिसे करने से आपको थोड़ा डर लगे। यह किरदार नई स्किल्स, नए एडवेंचर्स और उस जुनून के नाम, जो आपको बार-बार नई चीजों में डूबने के लिए तैयार रखता है। फिल्म से जुड़े एक इवेंट में अभिनेता यश ने कियारा की खूब तारीफ की थी। उन्होंने कहा, 'मेरा यह सोचना है कि कियारा एक बेहद पेशेवर अभिनेत्री हैं। जब वह इस फिल्म के लिए कास्ट हुई थीं तो मैं काफी चिंतित था, क्योंकि यह फिल्म काफी चुनौतीपूर्ण है पर कियारा ने जिस तरह फिल्म के लिए खुद को समर्पित किया है।

हॉलीवुड मसाला




## अचानक ओटीटी पर रिलीज हुई म्यूटिनी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जेसन स्टेथम की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म 'म्यूटिनी' अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई। हैरानी की बात यह है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने से दो दिन पहले गलती से रिलीज हो गई। यह फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि इसे हटाने से पहले कम से कम एक घंटे तक प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता था। प्राइम वीडियो की लिस्टिंग में 'म्यूटिनी' को कोल रीड की कहानी बताया गया है, जिसके अरबपति बॉस की उसके सामने हत्या कर दी जाती है।



## फिर तूफानी सफर पर निकलेगा जैक स्पैरो

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्म फ्रेंचाइजी 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जॉनी डेप अभिनीत इस फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म पर काम किया जा रहा है। हाल ही में फिल्म के निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर ने इसके छठे पार्ट से जुड़ी जानकारी साझा की। हाल ही में एक कार्यक्रम में फिल्म के निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर से फिल्म के अगले पार्ट को लेकर सवाल पूछा गया। जेरी ने कहा, 'हम जॉनी डेप से बात कर रहे हैं। इसके साथ ही फिल्म के स्क्रीनप्ले पर भी काम चल रहा है।' यह जानकारी देकर ब्रुक ने फैंस को हिंट दे दी कि 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' के अगले भाग की शूटिंग जल्द ही शुरू हो सकती है। फिल्म से जुड़ी अंदरूनी सूत्रों की मानें तो इस छठे भाग में मार्गोट रॉबी द्वारा अभिनीत मुख्य किरदार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



## सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाली इंसान हूं


**मुंबई।** द ट्रेटर्स 2 में किसी पर शक होना खेल का हिस्सा है, मगर रिया चक्रवर्ती के लिए 'ट्रेटर' शब्द शायद बाकी खिलाड़ियों जितना हल्का नहीं है। घर में जब उन पर शक बढ़ता है, तो रिया अपनी जिंदगी के उस दौर को याद करती हैं, जब उन्हें लगता था कि दुनिया ने पहले ही उन्हें ट्रेटर मान लिया था। उनकी सफाई में खेल से ज्यादा उनकी अपनी कहानी सामने आ जाती है। घर में अपने ऊपर हो रहे शक के बीच रिया कहती हैं, 'मैं सच में ट्रेटर नहीं हूं। मैं कैसे बताऊं? मेरा जो नैरेटिव है ना लाइफ का, यही रहा कि दुनिया ने मुझे ट्रेटर समझा लेकिन मैं इनोसेंट निकली हूं।' मैं देश की सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाली इंसान हूं, इसका मतलब समझते हो आप?' रिया को लगता है कि अगर उन्होंने खेल में जानबूझकर किसी को धोखा दिया तो लोग इसे सिर्फ खेल की चाल नहीं मानेंगे।



## नयनतारा संग पहली बार बड़े पर्दे पर दिखेंगे

**मुंबई।** सलमान खान लगातार अपनी अनाम फिल्म एसवीसी 63 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ जवान फिल्म की हीरोइन नयनतारा नजर आने वाली हैं। अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। सलमान खान और नयनतारा की अगली फिल्म का नाम तय हो गया है। पहले इसे अस्थायी रूप से एसवीसी 63 कहा जा रहा था, लेकिन अब इसका आधिकारिक टाइटल 'मॉन्स्टर' रखा गया है। यह जानकारी फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट में सामने आई है। फिल्म का निर्देशन वंशी पैदीपल्ली कर रहे हैं, जो उनकी पहली हिंदी फिल्म होगी। प्रोडक्शन दिल राजू कर रहे हैं। सलमान खान और दिल राजू की यह पहली जोड़ी है। नयनतारा इसमें लीड एक्ट्रेस हैं। फिल्म पैन-इंडिया स्तर पर बन रही है और ईद 2027 पर रिलीज करने की योजना है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 20 में रजत से लेकर मैरी कॉम तक की एंट्री!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ एक बार फिर वापसी की तैयारी में है। मेकर्स से कंटेस्टेंट से बातचीत का दौर अब अपने अंतिम चरण में है, ऐसे में कई सितारों के नाम सामने आए हैं, कहां जा रहा है कि इनकी बातचीत मेकर्स से चल रही है और जल्द ही इन पर मौहर लग सकती है। 'नागिन' फेम अभिनेत्री मौनी रॉय को मेकर्स ने बतौर कंटेस्टेंट शो में शामिल होने का बड़ा ऑफर दिया है। खबरों के मुताबिक, मेकर्स उन्हें शो का हिस्सा बनाने के लिए काफी बड़ी फीस देने को तैयार हैं। फिलहाल अभिनेत्री और मेकर्स के बीच बातचीत जारी है। छह बार की वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। खेल जगत की इस स्टार मुक्केबाज को शो में लाने के लिए मेकर्स ने उनसे संपर्क किया है। अगर वह हां कहती हैं, तो शो को एक अलग पहचान मिलेगी। बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता रजत बेदी के भी 'बिग बॉस 20' में शामिल होने की जोरदार खबरें हैं। मीडिया रिपोट्‌र्स के अनुसार, वह अपनी फीस और कॉन्ट्रैक्ट को लेकर मेकर्स के साथ अंतिम दौर की चर्चा कर रहे हैं। वर्ष 2005 के मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो 'फेम गुरुकुल' के विजेता काजी तौकीर भी निर्माताओं की पसंद बने हुए हैं।

### प्रेग्नेंसी की वजह से इंडियन आइडल से निकाला!

**नई दिल्ली।** मिनी माथुर हाल में अलायंस शो को लेकर चर्चा में रहीं। आखिर में अमेजन प्राइम वीडियो के इस शो की विनर रहीं मिनी एक पॉपुलर इंडियन टेलीविजन होस्ट और एक्ट्रेस हैं। इसके अलावा मिनी मशहूर भारतीय फिल्म डायरेक्टर और स्क्रीनराइटर कबीर खान की पत्नी हैं। वह कई दशकों से इस इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। हाल में 'हॉटरफ्लाई' के 'द मेल फेमिनिस्ट' एपिसोड के लिए दिए एक इंटरव्यू में मिनी ने अपने कॅरियर से जुड़ा एक चौंकाने वाला किस्सा सुनाया। मिनी ने बताया कि उनके करियर में ऐसे कई मौके आए जब प्रेग्नेंसी की वजह से उनको मिलने वाले मौकों पर असर पड़ा। मिनी ने बताया कि जब उन्होंने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया तो उनसे 'इंडियन आइडल' होस्ट का काम छोड़ने के लिए कहा गया. मिनी ने कहा, "जब मैं सायरा के साथ प्रेग्नेंट थी - यह 'इंडियन आइडल' के चौथे सीजन के बाद की बात है - और जब टीम सीजन 5 शुरू करने वाली थी, तो मैंने उन्हें बताया कि मैं प्रेग्नेंट हूं, मैंने कहा कि ऑडिशन के दौरान तो मैं ठीक रहूंगी, लेकिन फिनाले एपिसोड तक मेरा बेबी बंप दिखने लगेगा।



## वाइब से सामने आया कलाकारों का लुक एक्शन मोड में दिखीं प्रीति

**मुंबई।** कुणाल खेमू की आगामी फिल्म 'वाइब' का पोस्टर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में कुणाल खेमू समेत प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 'वाइब' के पोस्टर अनुसार कहानी चार दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन किरदारों की सीधी साधी जिंदगी में अचानक से मोड़ आता है। फिल्म मजबूत दोस्ती और एक दूसरे का साथ निभाने के बारे में है। पोस्टर में तीनों दोस्त किसी मुसीबत में फंसे हुए नजर आ रहे है। जहां प्रीती जिंटा लेडी बॉस की तरह दिख रही हैं। वहीं, कुणाल खेमू किसी का सामना करते नजर आ रहे है। इसके साथ ही वंशिका धीर शॉक में नजर आ रही हैं और स्पर्श श्रीवास्तव नीचे बैठे हुए हैं। फिल्म वाइब का लेखन और निर्देशन दोनों कुणाल खेमू ने किया है। फिल्म मे प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर मुख्य किरदारों में है।




वाइब का निर्माण कुणाल खेमू और चिराग निहलानी ने ड्रोंगो फिल्म्स के बैनर तले किया है। फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म वाइब से कुणाल खेमू एक बार फिर निर्देशन में वापसी कर रह हैं। उनकी आखिरी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' थी। अभिनेत्री प्रीति जिंटा कई साल बाद किसी कॉमेडी किरदार में दिखाई देंगी। हाल ही में प्रीति ने 'बांटवारा 1947' में अभिनय किया था। वंशिका धीर इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। 'लापता लेडीज' फेम स्पर्श श्रीवास्तव का यह बॉलीवुड में दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे पहले उन्होंने ए वतन मेरे वतन (2024) और कॉलर बॉम्ब (2021) जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

## ब्रह्मास्त्र 2 में रणबीर निभाएंगे दोहरी भूमिका, अमृता बनेंगी दीपिका, ईशा के किरदार में लौटेंगी आलिया

**नई दिल्ली।** साल 2022 में रिलीज हुई 'ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन – शिवा' के बाद से ही फैंस को इसके अगले चैप्टर का बेसब्री से इंतजार है। रणबीर कपूर जहां इन दिनों 'रामायणम्' की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं खबर है कि एक्टर और डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 'ब्रह्मास्त्र 2' पर काम शुरू कर दिया है। जी हां, फिल्म की स्क्रिप्टिंग और प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है और इस बार कहानी अस्त्रवर्स की दुनिया को और आगे ले जाने वाली है। बताया जाता है कि अगले साल अप्रैल 2027 से इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर जनवरी 2027 तक नितेश तिवारी की 'रामायणम् पार्ट 2' की शूटिंग पूरी कर सकते हैं। इसके बाद कुछ तैयारी के बाद वह अप्रैल 2027 में 'ब्रह्मास्त्र 2' की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के ईशा के किरदार में लौटने की उम्मीद है, जबकि अयान मुखर्जी अमृता के रोल के लिए दीपिका पादुकोण से बातचीत कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, 'ब्रह्मास्त्र 2' में रणबीर कपूर एक बार फिर शिवा के साथ-साथ देव के किरदार में भी नजर आ सकते हैं। पहली फिल्म में देव की कहानी की जो झलक दिखाई गई थी, उसे अब सीक्वल में आगे बढ़ाया जाएगा। रणबीर इस डबल रोल को लेकर काफी उत्साहित बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि शिवा और देव के किरदारों के बीच का कनेक्शन फिल्म की कहानी को और दिलचस्प बनाएगा और अस्त्रवर्स की कहानी को भी आगे बढ़ाएगा। सीक्वल में सबसे दिलचस्प किरदार दीपिका पादुकोण का होने वाला है। पहली फिल्म के वक्त से ही यह चर्चा रही है कि रणबीर की मां अमृता के रोल में दिखी झलक दीपिका पादुकोण की थी। अब खबरों के मुताबिक, अयान मुखर्जी ने 'अमृता' के रोल के लिए एक्ट्रेस से बातचीत शुरू कर दी है। अगर दीपिका फिल्म का हिस्सा बनती हैं, तो रणबीर कपूर के साथ उनकी जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। दोनों इससे पहले 'बचना ऐ हसीनों', 'ये जवानी है दीवानी' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।'



### बच्चों के साथ देख सकते हैं सुपरहीरो फिल्म

## इस वीकएंड ओटीटी पर मिलेगी एक्शन-रोमांस की बढ़िया खुराक

*नई दिल्ली। वीकएंड में छुट्टी के दिन ओटीटी पर क्या देखा जाए? अगर आपके मन में यह सवाल है, तो इस बार ढेर सारे विकल्प जवाब हैं। बच्चों के साथ सुपरहीरो फिल्म देख सकते हैं। पार्टनर के साथ रोमांटिक मूवी देख सकते हैं। वहीं, पूरी फैमिली के साथ बैठकर देखने के लिए भी ऑप्शन है। कुल मिलाकर इस बार आपको एंटरटेनमेंट की बढ़िया खुराक मिलने वाली है।*

### वेलकम टू द जंगल

अक्षय कुमार, जैकलीन, रवीना टंडन, सुनील शेट्टी और अरशद वारसी समेत 30 से अधिक सितारों से सजी यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक दे रही है। यह मल्टीस्टारर फिल्म शुक्रवार 21 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की सुपरहिट 'वेलकम' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है।

### प्यार प्रेमा कल्याणम

अगर आपको कोई रोमांटिक फिल्म देखी है तो 'प्यार प्रेमा कल्याणम' इस बार की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसे 21 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। बता दें कि यह तमिल फिल्म है। यह हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी उपलब्ध होगी।

### जन नायकन

इस बार की सबसे चर्चित फिल्म 'जन नायकन' है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व अभिनेता विजय की यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी स्ट्रीमिंग को तैयार है। बता दें कि हिंदी भाषा में यह फिल्म 'जन नेता' के नाम से है। यह फिल्म 21 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म में बॉबी देओल और पूजा हेगड़े भी अहम भूमिकाओं में हैं।



### द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो

अगर आपको इस वीकएंड बच्चों के साथ बैठकर सिनेमा देखना है तो जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' एक बढ़िया विकल्प है। सिनेमाघरों के बाद अब यह ओटीटी पर भी उपलब्ध होगी। यह फिल्म दादा और पोते की कहानी पर आधारित है। फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' 21 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी।

### आउटर बैंक्स 5

यह लोकप्रिय एडवेंचर सीरीज है। 'आउटर बैंक्स' का पांचवां और आखिरी सीजन 20 अगस्त 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। यह इस सीरीज का आखिरी सीजन है, जिसमें कुल 10 एपिसोड हैं। सभी एपिसोड एक साथ स्ट्रीम किए गए हैं। इसकी कहानी सीजन 4 के फिनाले के ठीक बाद से आगे बढ़ती है।

### सील टीम

यह अमेरिकी सीरीज है, जो सस्पेंस से भरी है। यह नेवी टीम की कहानी पर आधारित है, जो एक खतरनाक मिशन पर निकलती है। इसी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी की उलझनों को भी सुलझाने की जिम्मेदारी इस टीम पर है। यह सीरीज 18 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### लैंटर्न्स

यह एक अमेरिकी सुपरहीरो सीरीज है। DC कॉमिक्स के ग्रीन लैंटर्न किरदारों, हैल जॉर्डन और जॉन स्टीवर्ट पर आधारित यह सीरीज DC यूनिवर्स की तीसरी टीवी सीरीज है। इसमें अनुभवी लैंटर्न जॉर्डन और नए रिक्रूट स्टीवर्ट को दिखाया गया है, जो धरती पर हुए एक मर्डर की जांच करते हैं। यह जांच एक बड़े रहस्य की ओर ले जाती है। यह सीरीज 17 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। अंग्रेजी के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध है।